दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@gmail.com

web.: www.deshkadarpannews.co

Comming Soon

वर्ष-5, अंक:33

जयपुर, बुधवार, 02 अप्रैल 2025

मूल्य : 5.00 पेज:

## मप्र में अब सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे सीएम राइज स्कूल: डा. मोहन यादव

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सभी सीएम राइज स्कूल अब सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को स्कूल चलें हमें अभियान के शुभारंभ अवसर पर इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि सीएम राइज स्कूल का नाम ऐसा लगता था, जैसे अंग्रेजों के जमाने का हो, इसलिए इसे बदलकर सांदीपनि ऋषि के नाम पर किया गया है।दरअसल, मध्य प्रदेश में आज (एक अप्रैल) से नया शैक्षणित सत्र शुरू हुआ है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर भोपाल के शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। सरकारी स्कूलों की शिक्षा भी किसी से कमतर नहीं है। सरकारी स्कूलों में पढ़कर भी कई महान व्यक्तित्वों ने विश्वभर में भारत का नाम रोशन किया है। छात्रों को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने और कड़ी मेहनत के माध्यम से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने इस अवसर पर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके अलावा



राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी हुआ। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनसे संवाद किया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। इस साल एक अप्रैल से जब छात्र अपने विद्यालय में प्रवेश करेंगे, तो शासन द्वारा दी जाने वाली किताबें उनके बैग में पहले से उपलब्ध होंगी। यह पहली बार हुआ है कि पूरे राज्य के प्रत्येक जिले में शैक्षणिक सामग्री समय पर वितरित कर दी गई है। नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक कौशल और आत्मनिर्भर बनने के अवसर मिलेंगे। जुलाई में बेटियों को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप भी मौजूद रहे। इस राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जिलों में सीधा प्रसारण किया गया। गौरतलब है कि प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

## देश में वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर छह हुई : शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने नक्सलवाद को पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के अभियान के तहत देश के छह जिलों को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के दुष्प्रभाव से मुक्त कराया है। इससे वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर मात्र छह रह गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, आज हमारे देश ने वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या को 12 से घटाकर मात्र 6 कर एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। मोदी सरकार



नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण और सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी एक बयान में कहा कि देश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या 38 थी। इनमें सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई है, चिंताजनक जिलों की संख्या भी 9 से घटकर 6 हो गई है और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या भी 17 से घटकर 6 हो गई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों में छत्तीसगढ़ के 4 जिले (बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा), झारखंड का 1 (पश्चिमी सिंहभूम) और महाराष्ट्र का 1 (गढ़चिरौली) शामिल है। इस प्रकार कुल 38 प्रभावित जिलों में से चिंताजनक के जिलों की संख्या नौ से घटकर छह रह गई है।

## बाघों को शांत रहने की जगह देना हमारी जिम्मेदारी: खरगे

**एजेंसी**

**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि भले ही हमारे यहां टाइगर प्रोजेक्ट के जरिए बाघों का संरक्षण करने से उनकी आबादी बहुत अच्छी है फिर भी अवैध तरीके से उनका शिकार करने का प्रयास चिंताजनक है और इसे रोकना हमारी जिम्मेदारी है। श्री खरगे ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाघों के संरक्षण के लिए किए कार्यों को याद करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की दूर दृष्टि के कारण देश में आज बाघों की संख्या दुनिया में सर्वाधिक है और उन्हें सुरक्षित रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा ÷52 साल पहले, भारत ने श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में इस भव्य जानवर की रक्षा के लिए प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी। प्रोजेक्ट टाइगर ने बाघों, उनके आवासों और हमारे जंगलों की



संपूर्ण जैव विविधता की रक्षा की। श्री खरगे ने कहा कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, श्रीमती इंदिरा गांधी ने कहा था, बाघ को अलग-थलग करके संरक्षित नहीं किया जा सकता। यह एक विशाल और जटिल जैव-क्षेत्र के शीर्ष पर है। मानव घुसपैठ, वाणिज्यिक वानिकी और मवेशियों के चरने से खतरे में पड़े इसके आवास को सबसे पहले अछूता बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा आज, भले ही दुनिया की 70 प्रतिशत बाघ आबादी भारत में है, फिर भी पिछले कुछ वर्षों में नए तंत्रों के माध्यम से अवैध शिकार की परेशान करने वाली रिपोर्टें आई हैं। हमारे बाघों को अंधाधुंध शिकार से बचाने और शांतिपूर्ण मानव-पशु सह-अस्तित्व के लिए परिस्थितियां स्थापित करने के लिए हर संभव कदम उठाने में हमारी जिम्मेदारी है।

## धामी ने की चार मैदानी जनपदों के विभिन्न स्थानों के नाम में परिवर्तन की घोषणा

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जनपद हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल और उधम सिंह नगर में स्थित विभिन्न स्थानों के नाम में परिवर्तन की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों के नाम में परिवर्तन जन भावना और भारतीय संस्कृति व विरासत के अनुरूप किया जा रहा है। जिससे लोग भारतीय संस्कृति और इसके संरक्षण में योगदान देने वाले महापुरुषों से प्रेरणा ले सके। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, हरिद्वार जनपद में ग्राम औरंगजेबपुर का नाम अब शिवाजी नगर, गाजीवाली का आर्य नगर, चांदपुर का ज्योतिबा फुले नगर, मोहम्मदपुर जट का मोहनपुर जट, खानपुर कुर्सली का अंबेडकर नगर, इंदरीशपुर का नंदपुर, खानपुर का श्री कृष्णपुर, अकबरपुर फाजलपुर का नाम विजयनगर किया जाना है।

## समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ है और आगे भी रहेगी : अखिलेश यादव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश कर सकती है। इससे पहले वक्फ बिल को लेकर सियासी पारा गरमा चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ पहले भी थी और आगे भी रहेगी। जिस तरह के संशोधन भाजपा कर रही है, वह पूरा कंट्रोल अपने पास चाहती है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा, भाजपा का इतिहास जिस तरह के फैसलों से भरा है, उससे जो परिणाम भाजपा चाहती थी, वह नहीं आए। भाजपा का हर फैसला वोट के



लिए होता है। समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ है और आगे भी रहेगी। वे (भाजपा) पूरा नियंत्रण अपने पास चाहते हैं। इस देश ने वह समय भी देखा है, जब प्रशासन के गलत फैसले के कारण भारत की संस्कृति और भाईचारे के खिलाफ खाई पैदा की गई। जीएसटी हो, नोटबंदी हो या अन्य फैसले, वह (भाजपा) लोगों से कुछ न कुछ छीनने का काम करते हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, वक्फ के माध्यम से वह यह संदेश देना चाहते हैं कि अपना वोट बैंक ठीक कर लें, क्योंकि नौकरी नहीं दी, किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। इनका वोटर भी इनसे नाराज है। वह कहते थे कि हम (विपक्ष) तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, क्या वे (भाजपा) ईद पर किट बांटकर तुष्टीकरण नहीं कर रहे हैं? ईद पर जो किट दी है, क्या वह तुष्टीकरण में नहीं आएगा? इनको पता है, इनका वोट बैंक खिसक गया है। अभी तक ये हिंदू भाइयों को गुमराह करते थे। अब इनकी कोशिश मुसलमानों को भी गुमराह करने की है।

## मणिपुर में 24 घंटे में पांच उग्रवादी गिरफ्तार




**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों में इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों के विभिन्न इलाकों से केसीपी-नोयोन समूह के पांच सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि वे कथित रूप से जबरन वसूली और धमकी देने में संलिप्त थे। उनके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, तीन जिंदा राउंड के साथ कुछ अन्य सामान भी बरामद किया गया।

## राजस्थान में फैक्टरी से गैस लीक, तीन की मौत

**एजेंसी**

**अजमेर।** राजस्थान के ब्यावर के बाड़िया क्षेत्र में तेजाब फैक्टरी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की हालत अब भी गंभीर है। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों को ब्यावर और अजमेर के सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। गैस के असर से कई पालतू जानवरों और लावारिस कुत्तों की भी मौत हुई है।

यह वाकया ब्यावर थाने के बाड़िया क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात हुआ । हादसे में कंपनी मालिक सुनील सिंघल की मौत हो गई, जो रातभर गैस को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अजमेर रेफर किया गया। सोमवार रात को ही उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह एक और पीड़ित नरेंद्र सोलंकी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। जेएलएन हॉस्पिटल में दो लोग अब भी आईसीयू में है और एक गैसकांड प्रभावित का जनरल वार्ड में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार कंपनी के गोदाम में खड़े टैंकर से




नाइट्रोजन गैस का रिसाव हुआ। रिसाव इतना तेज था कि कुछ सेकंड में ही गैस आसपास के रिहायशी इलाके में फैल गई। घरों के अंदर मौजूद लोग भी इसकी चपेट में आ गए। लोगों को दम घुटने के साथ आंखों में जलन की भी परेशानी हुई। मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने पीड़ितों को हॉस्पिटल पहुंचाया। वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रात में ही गैस लीकेज पर काबू पा लिया गया। एहतियातन फैक्टरी के आसपास के क्षेत्र को खाली करवा दिया गया। स्थानीय लोगों में अभी भी दहशत का माहौल है। कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने फैक्टकी को सीज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को तत्काल प्रभाव से मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मोहाली कोर्ट ने रेप मामले में स्वघोषित पादरी बजिंदर सिंह को उम्रकैद की सजा

**मोहाली ।** मोहाली की पॉक्सो कोर्ट ने स्वघोषित पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के यौन उत्पीड़न मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पिछले हफ्ते बजिंदर को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी करार दिया था। इस पादरी पर एक महिला के साथ यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पुख्ता सबूत और गवाह पेश किए, जिसके आधार पर कोर्ट ने यह कड़ा फैसला सुनाया है।

## युवा भारत के भविष्य का निर्माता :गुप्ता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने युवाओं को भारत के भविष्य का निर्माता बताते हुए कहा कि विकसित भारत युवा संसद नयी पीढ़ी नीतियों और समाधान आधारित सोच के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है। दिल्ली विधानसभा और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आज राज्य स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधानसभा के सदस्य डॉ. अनिल गोयल,रविंद्र सिंह नेगी और रविकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा, नेहरू युवा केंद्र संगठन, दिल्ली के राज्य निदेशक लाल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक सर्वण कटारिया, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी




संजय बेनीवाल, आईआईटीएम की निदेशक डॉ. रचना राणा, और गीतकार अनिरुद्ध पांडे भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। युवा संसद में दिल्ली के विभिन्न जिलों से चयनित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए थे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सार्थक अरोरा (प्रथम स्थान), लावण्या कार्की (द्वितीय स्थान), दिव्यांशी पांडा(तृतीय स्थान) प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो भारतीय संसद में आयोजित होगी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई, जहां महाराजा अग्रसेन स्कूल के छात्रों ने गणेश स्तुति प्रस्तुत की। इस युवा संसद का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व कौशल, नागरिक सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ को विकसित करना है। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा, नेहरू युवा केंद्र संगठन और दिल्ली विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह युवा संसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है, जिसमें भारत की राजनीति में 01 लाख युवा नेताओं को लाने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा, भारत के युवा केवल विकास के लाभार्थी नहीं, बल्कि इसके भविष्य के निर्माता भी हैं। विकसित भारतञ्च2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप यह युवा संसद नई पीढ़ी को नीतियों और समाधान-आधारित सोच के प्रति जागरूक बनाने का कार्य कर रही है। श्री लाल सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए दिल्ली विधानसभा और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट से एक ही परिवार के आठ की मौत

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा इलाके में सोमवार रात एक पटाखा कारखाने में हुए भीषण विस्फोट हो गया। जिसके कारण एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें दो की उम्र एक साल से भी कम थी। घटना के बाद प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उस घर में लंबे समय से अवैध पटाखे बनाए जा रहे थे। सोमवार रात पाथरप्रतिमा के ढोलाहाट थाना क्षेत्र के दक्षिण रायपुर इलाके में जोरदार धमाकों के साथ आग लग गई। विस्फोट के कारण घर भीषण आग लग की चपेट में आ गया, जिससे परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में 65 वर्षीय अरविंद बनिक, 80 वर्षीय प्रभावती बनिक, 28 वर्षीय सांत?वना बनिक, नौ साल का अर्णब बनिक, आठ महीने की अस्मिता बनिक, छह साल की अनुष्का बनिक और छह महीने का अंकित बनिक शामिल हैं। वहीं, तुषार बनिक की पत्नी रूपा बनिक गंभीर रूप से झुलस गई थीं, लेकिन बाद में उनकी भी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस घर में लंबे समय से पटाखों का



निर्माण किया जा रहा था। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि परिवार के पास ग्रीन क्रैकर (पर्यावरण अनुकूल पटाखे) बनाने का लाइसेंस था। फिर भी इलाके के लोगों को संदेह है कि इस लाइसेंस की आड़ में अवैध पटाखे बनाए जा रहे थे। हादसे के बाद प्रशासन और पुलिस की भूमिका को लेकर नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अगर पहले ही इस अवैध पटाखा निर्माण को रोका जाता तो यह हादसा टल सकता था। इस मामले में प्रतिक्रिया के लिए कई बार जिला पुलिस अधिकारियों को संपर्क किया गया लेकिन सभी ने मुंह बंद कर रखा है।

## भारत दौरे पर चिली के राष्ट्रपति बोरिक, विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक से मुलाकात कर खुशी हुई। हमारे दीर्घकालिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। विदेश मंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आज उनकी बातचीत से नई साझेदारियां और अधिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले दिन में



बोरिक पांच दिवसीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय राज्य मंत्री (एमओएस) पाबित्रा मार्गेरिटा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हवाई अड्डे पर उतरने पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विदेश मंत्रालय ने पोस्ट किया, आपका स्वागत है, राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक! चिली के राष्ट्रपति बोरिक भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। उनका औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति बोरिक के साथ मंत्रियों, संसद सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारियों, व्यापार प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों और भारत-चिली सांस्कृतिक आदान-प्रदान में शामिल प्रमुख चिलीवासियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। चिली के राष्ट्रपति 5 अप्रैल को अपनी यात्रा समाप्त करने से पहले आगरा, मुंबई और बेंगलुरु का दौरा भी करेंगे। भारत पहुंचने के बाद चिली के राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया, सुबह 6:30 बजे दिल्ली में। ऐसे समय में जब बहुपक्षीय सहयोग पहले से कहीं अधिक जरूरी है।

## असम के मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश के मो. युनूस के बयान को बताया आपत्तिजनक

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के उस बयान की कड़ी निंदा की है। जिसमें यूनुस ने पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों को 'लैंडलॉक्ड' बताने और बांग्लादेश को उनका समुद्री मार्ग का संरक्षक बताने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने इसे आपत्तिजनक और अस्वीकार्य बताया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर मोहम्मद यनुस के बयान पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि यह बयान भारत के रणनीतिक 'चिकन नेक' कॉरिडोर की संवेदनशीलता को दर्शाता है। ऐतिहासिक रूप से, देश के भीतर भी कुछ तत्व इस गलियारे को तोड़कर पूर्वोत्तर को मुख्यभूमि से अलग करने की बातें कर चुके हैं, जो गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय है। उन्होंने इस क्षेत्र में मजबूत रेलवे और सड़क नेटवर्क विकसित करने की आवश्यकता पर



बल दिया। उन्होंने कहा कि चिकन नेक कॉरिडोर के अंदर और आसपास बेहतर कनेक्टिविटी के लिए नए इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण जरूरी है। साथ ही, ऐसे वैकल्पिक मार्ग भी खोजे जाने चाहिए, जो इस गलियारे पर निर्भरता कम कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन सही रणनीति और नवाचार के जरिए इसे संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि मोहम्मद यूनुस के इस भड़काऊ बयान को हल्के में न लिया जाए, क्योंकि यह गहरे रणनीतिक मंसूबों और लंबे समय से चले आ रहे एजेंडे को दर्शाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. श्री श्री श्री स्वामीगलु को जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज डॉ. श्री श्री श्री शिवकुमार स्वामीगलु की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने उनके असाधारण प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें करुणा और अथक सेवा के प्रतीक के रूप में सराहा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, परम पूज्य डॉ. श्री श्री श्री शिवकुमार स्वामीगलु की जयंती के विशेष अवसर पर उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्हें करुणा और अथक सेवा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने दिखाया कि कैसे निस्वार्थ कार्य समाज को बदल सकता है। विभिन्न क्षेत्रों में उनके असाधारण प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

# जयपुर पुलिस की बड़ी सफलता: 15 साल बाद लापता मानसिक विक्षिप्त महिला को परिजनों से मिलाया

*जयपुर, 2 अप्रैल 2025*: जयपुर उत्तर पुलिस ने ऑपरेशन खुशी क के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 15 साल पहले लापता हुई एक मानसिक विक्षिप्त महिला को खोज निकाला और उसे उसके परिजनों को सौंप दिया। यह घटना पुलिस थाना रामगंज की मेहनत और समर्पण का एक जीता-जागता उदाहरण है, जिसने न केवल एक परिवार को फिर से जोड़ा, बल्कि मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी साबित किया।

**घटना का पूरा विवरण**

यह मामला साल 2010 का है, जब 5 जून 2010 को मोहम्मद इसराफील अंसारी पुत्र इशहाक अंसारी, निवासी मकान नंबर 555, ताज मस्जिद के पास, बाबू का टीबा, थाना रामगंज, जयपुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और मेंटल हॉस्पिटल में इलाज करा रही थी, 14 मई 2010 को बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। इस शिकायत के आधार पर थाना रामगंज में एमपीआर (मिसिंग पर्सन रिपोर्ट) संख्या 19/2010 दर्ज की गई और अनुसंधान शुरू किया गया। हालांकि, उस समय महिला का कोई सुराग नहीं मिल सका था।

**ऑपरेशन खुशी क के तहत पुलिस की सक्रियता**

15 साल बाद, राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान "ऑपरेशन खुशी क" के तहत गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक चलाए जा रहे अभियान में इस मामले को फिर से उठाया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डुडी (आईपीएस) के नेतृत्व में और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सिविल राइट्स एवं एएचटी) के निर्देश पर इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विशेष टीमें गठित की गईं।

इसके तहत डॉ. दुर्ग सिंह राजपुरोहित (आरपीएस), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन में, हरिशंकर शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज के निर्देशन में, और देवेंद्र प्रताप, पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी रामगंज के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इस टीम में हेड कांस्टेबल कृष्णकुमार (1312), कांस्टेबल सांवर मल



(9177), और महिला कांस्टेबल कृष्णा (9141) शामिल थे।

**तलाश में पुलिस का अथक प्रयास**

पुलिस टीम ने महिला की तलाश के लिए आस-पड़ोस में पूछताछ शुरू की और मुखबिरों को सक्रिय किया।

कई दिनों की मेहनत के बाद सूचना मिली कि एक महिला, जो विवरण से मिलती-जुलती थी, मानबाग, सडवा दिल्ली रोड पर देखी गई थी। इस जानकारी के आधार पर टीम ने मानबाग और सडवा इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाया। आखिरकार, 1 अप्रैल 2025 को सडवा में उक्त महिला को खोज निकाला गया।

जब पुलिस ने महिला से उसका नाम-पता पूछा, तो मानसिक स्थिति के कारण वह कुछ बता नहीं पाई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से फोन पर संपर्क किया और उन्हें मौके पर बुलाया। परिजनों ने महिला की पहचान अपनी लापता पत्नी और मां के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी कर महिला को सकुशल उनके हवाले कर दिया।

**परिवार में खुशी की लहर, पुलिस की सराहना**

15 साल बाद अपनी पत्नी को पाकर मोहम्मद इसराफील अंसारी और उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने जयपुर पुलिस की इस मानवीय पहल की जमकर सराहना की। इस सफलता ने न केवल एक परिवार को फिर से जोड़ा, बल्कि पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा भी बढ़ाया।

**पुलिस अधिकारियों का बयान**

पुलिस उपायुक्त राशि डोगरा डुडी ने कहा, "ऑपरेशन खुशी क का मकसद हर उस परिवार तक पहुंचना है, जो अपने प्रियजनों से बिछड़ गए हैं। इस मामले में हमारी टीम की मेहनत रंग लाई और हम एक परिवार को फिर से मिलाने में सफल रहे।" थानाधिकारी देवेंद्र प्रताप ने भी अपनी टीम के समर्पण की तारीफ की और कहा कि यह उनकी ड्यूटी का हिस्सा होने के साथ-साथ एक मानवीय जिम्मेदारी भी थी।

यह घटना जयपुर पुलिस की कार्यकुशलता और संवेदनशीलता का प्रतीक है। ऑपरेशन खुशी कजैसे अभियानों से न केवल गुमशुदा लोगों की तलाश हो रही है, बल्कि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि भी मजबूत हो रही है। इस सफलता से प्रेरणा लेकर पुलिस अन्य लापता लोगों को उनके परिवारों से मिलाने के लिए और अधिक प्रयास कर रही है।

## पुलिस थाना रामगंज जयपुर उत्तर की बडी कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**

परिवादी श्री मोहम्मद इसराफील अंसारी पुत्र श्री इशहाक अंसारी निवासी म.न. 555 ताज मस्जिद के पास बाबू का टीवा थाना रामगंज जयपुर ने उपस्थित थाना होकर बताया कि मेरी पत्नी मानसिक रूप से बिमार है जो दिनांक 14.05.2010 को घर में बिना बताये कही चली गई है। मेरी पत्नी मेन्टल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। मेरी पत्नी की तलाश करावें। जिस पर थाना रामंगज पर एमपीआर संख्या 19/2010 दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डुडी आईपीएस द्वारा श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सिविल राईट्स एवं एएचटी) राजस्थान जयपुर द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु दिनांक 01.04.2025 से 30.04.2025 तक चलाये जा रहे विशेष अभियान खुशी कके तहत प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। गुमशुदा की तलाश हेतु डा. दुर्ग सिंह राजपुरोहित आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन में एंव श्री हरिशंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन मे श्री देवेन्द्र प्रताप पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना रामंगज जयपुर उत्तर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा गुमशुदा मानसिक विक्षिप्त महिला की तलाश हेतु आस-पडौसियान से पुछताछ की व मुखबिर खास मामूर कर तलाश की गई। दौराने तलाश सुचना मिली की उक्त महिला जैसी दिखने वाली महिला मानबाग, सडवा दिल्ली रोड पर देखी गई थी। इस पर महिला की तलाश हेतु टीम द्वारा मानवाग सडवा में गहनता से पूछताछ व तलाश की गई। दौराने तलाश सडवा में उक्त महिला मिली जिसे नाम पते के बारे में पूछा गया तो अपना नाम पता नही बता पाई। जिस पर परिजनो को जरिये दुरभाष सम्पर्क कर मौके पर बुलाया गया जिन्होने उक्त महिला की पहचान की और एमपीआर हाजा की गुमशुदा होने के पर दिनांक 01.04.2025 को दस्तयाब किया गया। जिसे सकुशल परिजनों को सूपुर्द किया गया।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ पत्रकार राशिद अली को ईद की बधाई देने पहुंचें

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**





,बहराइच नानपारा ईद के मुबारक मौके पर कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बहराइच शिवेन्द्र प्रताप सिंह नानपारा पुरानी बाजार स्थित वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राशिद अली के आवास पर पहुंचे और गले मिलकर ईद की बधाई दी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने इस दौरान कहा कि ईद आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देने का पाक त्योहार है हम सभी को मिलकर इस त्यौहार को मनाना चाहिए जिससे देश में आपसी भाईचारा कायम रहे इस दौरान पत्रकार अहमद हुसैन, पत्रकार तौफीक अहमद, पत्रकार जिब्राइल खान, एम कासिम शेख, यूथ कांग्रेस बहराइच के पूर्व अध्यक्ष विनय सिंह, यूथ कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ खान, कांग्रेस के बलहा ब्लॉक अध्यक्ष एहसान वारिस, सहित अन्य कांग्रेस नेता और वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे

## बहराइच: नोएडा से मजदूरी कर घर आ रहे श्रमिक पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट**



**बहराइच** जिले के पूरे शिवसहाय गांव निवासी नोएडा से मजदूरी कर सोमवार तड़के गांव पहुंचा। यहां पर खेत में ले जाकर लूट के इरादे से कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे शिवसहाय गांव निवासी सत्यम द्विवेदी (34) पुत्र अशोक द्विवेदी नोएडा में मजदूरी करता है। उसने घर पर बात की और बस से घर के लिए रवाना हुआ। थाने में तहरीर देकर चाचा अमित द्विवेदी पुत्र हनुमंत लाल का कहना है कि सोमवार सुबह तीन से चार बजे के मध्य भतीजा गांव पहुंचा। घर आते समय अज्ञात चार लोगों ने खेत में ले जाकर सत्यम की पिटाई की और गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल होकर मौके पर गिर गया। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद युवक को गांव के लोगों ने घायल अवस्था में पड़ा देखा। परिवार के लोग मौके पर गए। डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर दोपहर में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के अनुसार केस दर्ज किया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

**पास में संघर्ष के निशान कुछ सामान भी मिले**

श्रमिक ने अपने आप को बचाने के लिए संघर्ष किया। जिसके निशान खेत में मौजूद मिले। पास में कुछ रुपए और नशे का सामान भी पड़ा मिला। गांव के लोग मौके पर संघर्ष करने की बात कह रहे हैं। युवक खेत में ही तड़प रहा है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुति महायज्ञ 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक

**खैरथल (अमित शर्मा)**



खैरथल श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुती महायज्ञ के पांच दिवसीय महोत्सव श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर में 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक महंत केशवगिरी महाराज एव माधव गिरी महाराज के सानिध्य में एवं श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर कमेटी अध्यक्ष लालचंद रोघा के नेतृत्व में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर पुजारी चंदन लोढ़ा ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुती महायज्ञ के पांच दिवस कार्यक्रम के तहत का 8 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 10:15 बजे घट पूजन- वेदी स्थापना यज्ञारंम्भ, 9 अप्रैल बुधवार को प्रातः 10:15 बजे यज्ञ-पूजन,10 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक यज्ञ-पूजन एवं हवन,शुक्रवार 11 अप्रैल को साय 5:15 बजे हवन संगीतमय एवं सुंदरकांड पाठ, 12अप्रैल शनिवार को यज्ञ-पूजन- पूणार्हूति प्रातः 9 बजे से 11 बजे से साय 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## अज्ञात बदमाशों ने घर पर की अंधाधुंध फायर बच्ची की मौत

**देश का दर्पण...दैनिक अखबार संवाददाता.. राकेश कोठेनियां**



**डीग...** जिले के कस्बे में विमल कुंड के परिक्रमा मार्ग स्थित एक घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों द्वारा सोमवार को की गई अंधाधुंध फायरिंग में एक महिला और उसकी 7 महीने की बेटी के गोली लगने से घायल होने का मामला। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना में कमर से गोली आर-पार होने से घायल हुई किट्टू की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हुई। जबकि हाथ में गोली लगने से घायल हुई सोनिया का जयपुर में इलाज जारी।

## 27 वीं चेन्नई क्रिकेट चैंपियन प्रतियोगिता में धौलपुर के युवाओं ने किया नाम रोशन

**देश का दर्पण न्यूज ,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 1 अप्रैल।**

27 वीं चैंपियन क्रिकेट प्रतियोगिता का टूनार्मेंट चेन्नई के सर्व समाज के द्वारा अन्ना नूर में कराया गया।

जिसके मुख्य अतिथि लृश्त्र के जनरल मैनेजर रामेश्वर रहे। अध्यक्षता - आरपीएफ हंसराम मीना ने की,विशिष्ट अतिथि रामचरन लोको पायलट, मोर सिंह , सुगन अरएअठ रहे।

इस टूनार्मेंट में राजस्थान के सभी जिलों के कोने-कोने से आए हुए युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस टूनार्मेंट में सर्व



समाज की सेवा करने वाले भाई गिरीश मीणा,जगदीश गुर्जर, ओपी गुर्जर, जय सिंह मीणा, मोहर सिंह माली, राजेंद्र सैनी, भंबानी,शैलेंद्र शर्मा, मनीष , सतीश शर्मा आदि भाइयों ने इस टूनार्मेंट में सेवा की। इस टूनार्मेंट में खाने-पीने और रहने की व्यवस्था भी की गई थी।

यह 27 वीं चैंपियन क्रिकेट प्रतियोगिता चेन्नई के टूनार्मेंट में विजेता टीम पेरंबूर व उप विजेता टीम तिरुचिरापल्ली कीरही। इस टूनार्मेंट में धौलपुर के युवाओं ने भाग लिया।

हंसराम, किरोड़ी लाल, प्रतीक, आसाराम, नेतम जीतेश, रामनिवास सैनी, जय सिंह, बलबीर, राय सिंह, लोकेश मीणा, रामविलास प्रजापति, हनुमान दास आदि धौलपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूनार्मेंट में धौलपुर के रहने वाले नरसी पेरंबूर टीमके कप्तान को "मैन ऑफ द मैच " दिया गया जब के नेतममीणा जी को "मैन ऑफ द सीरीज" काअवार्ड से सम्मानित किया गया।

## पुलिस थाना बजाज नगर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 1 शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जिला जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौत्तम (IPS) ने बताया कि जिला जयपुर पूर्व के थाना बौत्रो में वाहन चोरी की बढ़ती वारदाते एवं आवारा टाईप घूमने वाले बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु श्री आशाराम चौधरी, अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व के सुपुरविजन एवं श्री आदित्य पुनिया सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर के दिशा निर्देशन में मालवीय नगर सर्किल जयपुर जयपुर पूर्व के समस्त थानाधिकारियों को वाहन चोरो की धर पकड के लिये टीमें गठित कर चोरो को गिरफ्तार कर वाहन चोरी पर अकुंश लगाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना बजाज नगर ईलाका में वाहन चोरी करके ले जाने वाले चोरो की बर पकड हेतु ममता मीना थानाधिकारी पुलिस थाना बजाज नगर जयपुर पूर्व के




नेतृत्व में श्री रामवीर सिंह हैड कानि 387, श्री रामवतार कानि 11433 की गठित की गई। टीम के सदस्यो द्वारा दिन रात थाना बजाज नगर ईलाका में सैकडो सीसीटवी कैमरे देखे गये तथा मोटरसाईकिल चोरी करने वाले चोरो के फुटेज के आधार पर मुखबिर मामूर किये गये, चालानशुदा अपराधियो से गहन पूछताछ की गई तथा आधुनिक तकनिकीयो को प्रयोग करते हुए ट्रेडिशनल पुलिसिंग के द्वारा अपराधियो को चिन्हीकरण किया गया। गठित टीम के सदस्यो द्वारा दिन रात अथक प्रयास एवं कड़ी मेहनत करते हुए प्राप्त सूचनाओ के आधार पर लाल कोठी सब्जी मण्डी जयपुर से चोरी हुई मोटरसाइकिलों का सीसीटीवी विडियो कैमरो की फुटेज चैक करते हुए हुलिया के आधार पर संदिग्ध शख्स अनिल कश्यप पुत्र श्री मुकेश कश्यप जाति मल्लाह उम्र 28 साल निवासी गांव मेंहदीपुर जागीर थाना मैनपुरी उ० प्र० हाल किरायेदार म० नं० 122 शमशान के सामने रामपुरा रोड थाना मुहाना जयपुर दक्षिण को दस्तयाब कर प्रकरण में गहनतापूर्वक अनुसंधान किया गया तो शख्स अनिल कश्यप ने थाना हाजा के प्रकरणों के प्रकरण का मालमशरूका चोरी करना स्वीकार करने पर प्रकरण संख्या 111/2025 व 96/2025 बारा 303(2) बीएनएस में गिरफतार किया जाकर मुल्जिम के कब्जे दो मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया। मुल्जिम को बाद अनुसंधान आज न्यायालय में पेश कर जेसी दाखिल करवाया गया है।

## सम्पति सम्बन्धित अपराधियों के विरुद्ध पुलिस थाना विधाधर नगर उत्तर की कार्यवाही, मोबाईल स्नैचर गिरफ्तार, वारदात मे प्रयुक्त स्कूटी सहित माल मशरुका मोबाईल फोन बरामद

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) श्रीमती राशि डोगरा बुडी ने बताया कि थाना विधाधर नगर पर दिनांक 30.03.2025 को विधाधर नगर जयपुर में निवासरत परिवादिया ने एक रिपोर्ट इस आशय कि पेश की कि दिनांक 21.03.2025 को में पैदल पैदल फोन पर बातें करती हुई बियानी कालेज जा रही थी। मेरे हाथ से मेरा मोबाईल फोन InFinix Not 10 Play जिसके IMEI No-357767730888149 छीन कर ले गया। में बिराहट में स्कूटी सवार व्यक्ति का चेहरा नहीं दे सकी और ना ही स्कुटी के नम्बर देख पाई। मेरे मोबाईल छीने की रिपोर्ट दर्ज करने की कृपा करे। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना विधाधर नगर जयपुर उत्तर पर प्रकरण दर्ज किया



गया। सम्पति सम्बन्धित अपराधियो की गिरफ्तारी व माल मशरुका की बरामदगी हेतु पुलिस आयुक्त श्रीमान बीजू जार्ज जोसेफ एवं अति० पुलिस आयुक्त (प्रथम) श्री कुंवर राष्ट्रदीप के द्वारा निर्देश प्राप्त हुर्य थे। प्राप्त निर्देशों के मध्येनजर उक्त वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश की दस्तयाबी व गिरफ्तारी हेतु मन पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा बूडी के निर्देशन एवं अति० पुलिस उपायुक्त उत्तर (द्वितीय) श्री बजरंग सिहं शेखावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर श्री शिवरतन गोदारा के सुपरविजन एवं श्री राकेश ख्यालिया पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना विधाधर नगर जयपुर (उत्तर) के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गई। जयपुर (उत्तर) मे बढते हुए सम्पति सम्बन्धित अपराधो की रोकथाम के लिए तथा वारदातों को कारित करने वाले बदमाशों की पहचान एवं तलाश हेतु थाना विधाधर नगर जयपुर पर अलग अलग विशेष टीमों को गठन किया गया। घटित टीमों द्वारा वारदातों के घटनास्थल के आस पास सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। सीसीटीवी फुटेजो का विश्लेषण किया गया।

## जयपुर पश्चिम में अवैध वसूली गिरोह का पदार्फाश, 4 आरोपी गिरफ्तार





**जयपुर**: जयपुर (पश्चिम) पुलिस ने चौमू पुलिया इलाके में निजी बसों से अवैध वसूली करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पिछले करीब 15 सालों से बस चालकों, कंडक्टरों और खलासियों से हर महीने 8 से 10 लाख रुपये की उगाही कर रहा था। पुलिस ने मंगलवार, 1 अप्रैल 2025 को कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में भगवान सिंह, श्याम वीर सिंह, विक्रम सैन उर्फ विक्की और दिलिप सिंह शामिल हैं। इनके कब्जे से 45,360 रुपये नकद, डराने-धमकाने के लिए इस्तेमाल किया गया एक चाकू और एक स्कॉर्पियो कार बरामद की गई।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) अमित कुमार (आईपीएस) ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक सिंघल के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने 28 और 29 मार्च को चौमू पुलिया और आसपास के इलाकों में गुप्त रूप से रेकी की। स्पाई गैजेट्स की मदद से गैंग के कृत्यों की रिकॉर्डिंग की गई। जांच में पता चला कि यह गिरोह प्रति बस 50 से 100 रुपये वसूलता था और पैसे न देने पर चालकों को धमकियां देता था। कई बार बसों पर पथराव और हमले भी किए गए। डर के मारे बस मालिक और चालक शिकायत दर्ज नहीं कराते थे।

गिरोह शिफ्ट के आधार पर काम करता था, जिसमें हर शिफ्ट में अलग-अलग लोग तैनात रहते थे। मौके पर श्याम वीर सिंह को पकड़ा गया, जिसने अपने साथियों विक्रम सैन और दिलिप सिंह के बारे में जानकारी दी। तकनीकी सहायता से बाकी आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया। मामले में जांच जारी है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।

## भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाया अपना हिंदू नववर्ष



**देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 1 अप्रैल**

रविवार को हिंदू जागरण मंच खंड बाड़ी के तत्वाधान में शहर की लवकुश बगीची आश्रम धनौरा रोड़ पर अपने भारतीय नूतन नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा बिक्रम संवत 2082 एवं नवदुर्गा घट स्थापना दिवस के पावन अवसर पर एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाड़ी शहर के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बाड़ी शहर में संचालित धार्मिक एवं सांस्कृतिक समिति पदाधिकारी गणों का एकत्रीकरण कर कार्यक्रम को शोभायमान एवं राष्ट्रभक्ति मय कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर द्वारा इस नवबर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम की रूपरेखा दो चरणों में तय की गई थी। प्रथम चरण में भजन संध्या जो सनातन धर्म जागरण की प्रथम सीढ़ी है। द्वितीय चरण में संगीतकार कलाकारों एवं पत्रकार बंधुओं साथ ही समाजसेवी संस्था प्रधानों का स्वागत सम्मान एवं हिंदू जागरण मंच की जिला टोली में संघ की रचना अनुसार पांच कार्यों की घोषणा करना था।

जिनको लेकर के प्रथम चरण का कार्य अपने नियत समय से आरम्भ किया गया।

जिसमें सर्व प्रथम सनातन संस्कृति के अनुसार प्रमुख संगीतकार डॉ अशोक शर्मा एवं पंडित रमाकांत शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ श्री गणेश बंदना, मां राजराजेश्वरी कैला माता की भेंट, हनुमान चालीसा पाठ, और छः वर्षीय बालक यस माहौर के मुखारविंद द्वारा शिव तांडव,राम नाम संकीर्तन इत्यादि किया गया।

## पुलिस थाना जवाहर नगर की त्वरित कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**

**श्रीमान** पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व श्रीमती तेजस्वनी गौतम क्ढर ने बताया की पुलिस थाना जवाहर नगर जयपुर पूर्व के क्षेत्र में हो रही नकबजनी की वारदातो पर अंकुश लगाने के लिए श्री आशाराम अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व, सुश्री लक्ष्मी सुथार सहायक पुलिस आयुक्त महोदय आदर्शनगर जयपुर पूर्व के सुपरविजन में एवं श्री महेश चन्द्र गुर्जर पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना जवाहर नगर जयपुर पूर्व के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। दिनांक 30.03.2025 को डॉ. रामदयाल मागरोलिया पुत्र स्व. श्री महादेव लाल निवासी मकान न.2छ 4 जवाहर नगर जयपुर ने दर्ज कराया कि मैं अपनी पत्नि श्रीमती वैदलता के साथ इगलैण्ड से दिनांक 28.03.2025 को सुबह जयपुर आया दिनांक 28.03.2025 को रात्रि में करीब 10.20 पीएम पर मैं अपने घर जवाहर नगर से अपनी पत्नि के साथ खाना खाने के लिये बाहर गया था। करीब 11. 40 पीएम पर मै वापस खाना खाकर आया तो मैने देखा कि मेरे घर के मैनगेट का दरवाजा खुला हुआ था जिसके ताले टूटे हुये थे। मैने अन्दर घुसकर देखा तो मेरे पूजा के कमरे मे सारा सामान बिखरा हुआ था मैने



अपना सामान सम्भाला तो मेरे दो पासपोर्ट जिसमे से एक मे वीसा एन्ट्री था तथा एक पासपोर्ट वर्तमान का वैध पासपोर्ट था तथा करीब 70 हजार रुपये व करीब 17 सौ पाउण्ड ब्रिटिस मुद्रा थी जो मुझे नहीं मिले तथा ग्राउण्ड फलौर के बाथरुम मे नल, टुटी, सावर टुटे हुये मिले तथा उन्होने टायलेट सीट पर चढकर बायलर निकालने का प्रयास किया तथा सभी कमरो की अलमारिया खुली हुई मिली। नल टुटी भी गायब मिले मकान की हर मंजिल पर बने बाथरुम की नल. टुटी तथा वाशबेशन तथा दरवाजो के ब्रास के कुन्दे टुटे हुय मिले जो भी अपने साथ चोरी करके लेकर चले गये। मकान के कई दरवाजे क्षतिग्रस्त कर दिये। मेरे मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुये है। जिसको देखा तो उसमे दो व्यक्ति आते हुये तथा ताला तोडने व सामान चोरी करके ले जाते हुये दिखाई दे रहे है इन दोनो लड़को ने मेरे मकान से मेरा वैध पासपोर्ट तथा एक वीसा एन्ट्री का पासपोर्ट करीब 70 हजार रुपये व 17 सौ पाउण्ड ब्रिटिश मुद्रा तथा नल, टुटी, ब्रास के कुन्दे, आगल तोडकर चोरी करके लेकर चले गये। आदि रिपोर्ट पर मुकदमा नं. 107/2025 धारा 331(4),305 इठर दर्ज कर अनुसंधान किया गया।

# हेल्प इन सफरिंग ने जयपुर में शुरू किया मानवीय शिक्षा पाठ्यक्रम: बच्चों में पशु कल्याण की जागरूकता बढ़ाने की पहल

**अजय सिंह (चिंटू)**

**जयपुरः-** भारत के प्रमुख पशु कल्याण संगठनों में से एक, हेल्प इन सफरिंग (ल्ठक्र) ने अपनी 45वीं वर्षगांठ के अवसर पर मानवीय शिक्षा पाठ्यक्रम (ल्ठ्४ेंल्ली एर्िं३्नल्ल ठ्४११ू४'४) की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को पशु कल्याण के प्रति संवेदनशील बनाना और उनके प्रति जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देना है।

यह पाठ्यक्रम इंटरएक्टिव और गतिविधि-आधारित रूप में डिजाइन किया गया है, ताकि छात्र व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से सीख सकें। वर्तमान में, इसे जयपुर के 20 स्कूलों में लागू किया जा चुका है और 3,500 से अधिक छात्र इसका हिस्सा बन चुके हैं। ल्ठक्र ने इसे अन्य सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों तक विस्तारित करने की योजना बनाई है और इसे अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए पशु कल्याण संगठनों के साथ सहयोग भी कर रहा है।

**पाठ्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं:**

द्विभाषी अध्ययन सामग्री झ्र पाठ्यक्रम हिंदी और अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध है।

व्यावहारिक कार्यशालाएं झ्र छात्रों को पशुओं की देखभाल और सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक अनुभव दिए जाते हैं।

सामुदायिक भागीदारी झ्र छात्र सीखते हैं कि छोटे प्रयासों, जैसे गर्मियों में पशुओं को पानी देना या घायल आवारा पशुओं की मदद करना, से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

फेसिलिटेटर गाइडबुक झ्र शिक्षकों के लिए एक मार्गदर्शिका तैयार की गई है, जिससे वे इसे प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

**विशेषज्ञों की प्रतिक्रियाएं:**







राजस्थान सरकार के पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव रवि जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "पशु कल्याण के लिए बचाव और उपचार महत्वपूर्ण हैं, लेकिन दीर्घकालिक परिवर्तन केवल जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। यह पहल भविष्य की पीढ़ी को पशुओं के साथ अधिक जिम्मेदारी से व्यवहार करने के लिए तैयार करेगी।"

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फुट) के संस्थापक डीआर मेहता ने कहा, "यदि बच्चे प्रारंभिक अवस्था में ही पशुओं का सम्मान करना सीख लें, तो यह पूरे समाज के व्यवहार पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।"

ल्ठक्र की प्रबंध न्यासी टिम्मी कुमार ने कहा, "हम चाहते हैं कि यह पाठ्यक्रम अधिक से अधिक स्कूलों तक पहुंचे और अन्य संगठनों को भी मानवीय शिक्षा लागू करने में सहायता प्रदान करे, ताकि करुणा और दयालुता समाज के व्यवहार का स्वाभाविक हिस्सा बन सके।"

**हेल्प इन सफरिंग की 45 वर्षों की सेवा:**

1980 में स्थापित ल्ठक्र ने अब तक 10 लाख से अधिक पशुओं का उपचार किया है और 4 लाख से अधिक का पुनर्वास किया है। जयपुर को रेबीज-मुक्त बनाने में इसकी अहम भूमिका रही है, जहां 1.5 लाख से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया गया है।

इसके अलावा, HIS ऊंट कल्याण के क्षेत्र में भी अग्रणी है और जयपुर व बस्सी में बीमार और वृद्ध ऊंटों के लिए चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करता है।

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग:**

HIS के पास 55 पेशेवरों की टीम है, जिसमें पशु चिकित्सक, बचावकर्मी और पशु रक्षक शामिल हैं। यह संगठन 7 बचाव एंबुलेंस और 2 मोबाइल क्लिनिक वाहन संचालित करता है। ल्ठक्र को कई प्रतिष्ठित संस्थानों का सहयोग प्राप्त है, जिनमें एचजी फाउंडेशन, इन्फोसिस फाउंडेशन, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और पद्मिनी वीएनए जैसे भारतीय साझेदार शामिल हैं। साथ ही, यह Animaux Secours (फ्रांस), , Les Amis Suisses du Refuge de l'Espoir(स्विट्जरलैंड), Help in Suffering UK,, AüSX Working for Animals (ऑस्ट्रेलिया) के साथ भी मिलकर कार्य कर रहा है। हेल्प इन सफरिंग का सफर एक छोटे से आश्रय गृह के रूप में शुरू हुआ था, जो आज भारत के अग्रणी पशु देखभाल संगठनों में से एक बन चुका है। यह संगठन पशु बचाव, उपचार और पुनर्वास के माध्यम से सड़क पर रहने वाले पशुओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सतत कार्य कर रहा है।

## 1 अप्रैल 2025 को परिपक्व राज्य बीमा पॉलिसियों के दावों का शत-प्रतिशत निस्तारण

**जयपुर, 01 अप्रेल।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन और उपमुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी के निर्देश पर राज्य कर्मचारियों की 01 अप्रेल, 2025 को 22535 राज्य बीमा पॉलिसियां परिपक्व हुईं, जिनके ऑनलाइन प्राप्त दावों का विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान में शत-प्रतिशत निस्तारण कर लगभग 2389.37 करोड़ रु. का भुगतान बीमादारों के बैंक खातों में सीधे ही स्थानांतरित करने की कार्यवाही की गई है।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की संयुक्त निदेशक (जनसम्पर्क एवं मुख्यालय) निफिया चौधरी ने बताया कि वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा ने विभाग के जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण एवं सचिवालय कार्यालयों में परिपक्वता के कुल 3159 ऑनलाइन प्राप्त दावों का पूर्ण निस्तारण करते हुय 'कम्प्यूटर की' प्रेस कर ऑनलाइन भुगतान अग्रेषित किया एवं विभाग द्वारा किए गये कार्यों की प्रशंसा की। शासन सचिव नवीन जैन ने एसीएस को राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और नवाचारों तथा प्राप्त उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की निदेशक श्रीमती हेमपुष्पा शर्मा एवं संयुक्त शासन सचिव वित्त (बीमा) श्री धनलाल शेरावत ने अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इस सफलता के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में किए जाने वाले कार्यों व अभियानों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## जिला कलक्टर ने नववर्ष पर किया कृषि जिंसों की नीलामी का शुभारंभ



**बारां, 1 अप्रैल।** कृषि उपज मंडी समिति बारां सचिव डॉ0 हरिमोहन बैरवा ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 मंगलवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में व्यापार संघ के आग्रह पर जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा मण्डी में कृषि जिंसो की नीलामी का शुभारम्भ शिव गणेश मंदिर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इस आयोजन में जिला कलक्टर तोमर के साथ पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरीं, व्यापार संघ ह्यकद्ब वर्ग के अध्यक्ष मनीष लश्करी, अध्यक्ष व्यापार मण्डल देवकीनन्दन बंसल, अध्यक्ष मुनीम संघ शंकरलाल सुमन, अध्यक्ष हम्माल संघ रमेशचन्द सुमन एवं अन्य व्यापारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कोठार गांव से कम उम्र मे लापता हुए थे रबारी आज तपस्वी साधु- बनाकर आए बाब बालक श्री शिवगिरीजी महाराज जन्मभूमि पर आए गांव मे 15 साल बाद गांव मे माँ के आगे भावुक हुए दर्शन मे जुटी भीड़



**उपखण्ड** बाली क्षेत्र में कोठार गांव में काफी 15 सालो के बाद पहली बार जन्मभूमि पर कोठार गांव तपस्वी बाबा बालक श्री शिवगिरी महाराज कोठार गांव दर्शन देकर जाते हुए आज आमलिया ,वेलार, कोठार से, काम्बेश्वर महादेव मंदिर होते हुए न्यूज रिपोट डीके देवासी जानकारी भगाराम देवासी देते हुए श्रद्धालुओं कोठार गांव रोड पर दर्शन करने की भीड़ लगी श्री बलकेश्वर महादेव मंदिर पर गांव मे ऐसा नजारा कभी नही दिखा लोगों का रेला थम नहीं रहा है कोठार गांव में ठहराव किया श्री बल्केश्वर महादेव मंदिर में बाबा बालक शिवगिरी महाराज कोठार गांव रोड से निकलते हुए श्री बल्केश्वर महादेव मंदिर पर रुके

## मृत्यु भोज का त्याग कर दिया सामाजिक बदलाव का संदेश



**ग्राम** सुन्दरी में विगत दिनों श्रीमती भागौती देवी ओर श्रीमती रामपाली का देहांत हो गया था उनका नुक्ता/बारहवां आज होना था लेकिन शोकाकुल परिवार,रिश्तेदारों ओर गांव के पंच-पटेलों, नौजवानों ओर कर्मचारी ग्राम विकास समिति के सदस्यों की सहमति ओर समझाइश से दोनों परिवारों ने मृत्यु भोज का त्याग किया ओर गांव ओर क्षेत्र के लोगों को सामाजिक बदलाव का संदेश दिया भविष्य में सुंदरी में नुक्ता नहीं करने का निर्णय भी सभी युवाओं ओर पंच-पटेलों ने लिया इस निर्णय में प्रभु पटेल, राधेश्याम, बुधराम, आशाराम, रामजीलाल पुर्व सरपंच, संपतलाल, लेखराज, पुखराज, जगदीश, श्यामलाल, किशोरी लाल, हरिराम, लड्डू लाल,राजू, सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे

# नववर्ष में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की कार्मिकों को सौगात

## महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत वृद्धि को दी मंजूरी



**जयपुर, 01 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष विक्रम संवत (2082) एवं नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 के अवसर पर राज्य कार्मिकों को महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत वृद्धि की सौगात दी है। पेंशनर्स को भी महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि देय होगी। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कार्मिकों के डीए में बढ़ोतरी की गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद पहले कार्यदिवस पर ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिना देरी किए राज्य में भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जनवरी 2025 से 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय का लाभ लगभग 8 लाख कर्मचारियों एवं 4.40 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस वृद्धि का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को मई 2025 में देय अप्रेल 2025 के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा तथा दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक तीन माह की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। पेंशनरों को 01 जनवरी, 2025 से महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जायेगा। कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में लिए गए इस संवेदनशील निर्णय से राज्य सरकार पर लगभग 820 करोड़ रूपए का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

## जलदाय मंत्री ने बांसवाडा- डूंगरपुर के पेयजल प्रबन्धों की समीक्षा की




**जयपुर, 01 अप्रेल।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने ग्रीष्मकाल में पेयजल प्रबन्धन को बेहतर बनाए रखने के लिए गंभीरता के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि यह अच्छी तरह सुनिश्चित करें कि ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या सामने न आए। बैठक में जलदाय मंत्री श्री चौधरी ने मंगलवार को बांसवाड़ा जिला कलक्ट्री सभाकक्ष में पेयजल विषयक बांसवाडा - डूंगरपुर जिले के जलदाय विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल के लिए कंटीन्जेंसी योजना के अनुरूप जिले में पेयजल प्रबन्धन को सुचारू बनाए रखने के लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पेयजल से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इनके त्वरित समाधान की कार्यशैली अमल में लाएं और इसके लिए जिले भर में विभागीय कार्यालयों को सक्रिय बनाए रखते हुए समस्या समाधान करें और जिला स्तर सहित विभिन्न क्षेत्रों में नियंत्रण कक्षों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें।

जलदाय मंत्री ने कहा कि पेयजल योजनाओं से संबंधित पुराने कार्यों में सुधार लाएं तथा नवीन पेयजल योजनाओं के कार्य पूरी गुणवत्ता से सुनिश्चित करें ताकि योजना के अनुरूप इनकी पूरी-पूरी उपयोगिता अच्छी तरह सामने आ सके और पेयजल प्रबन्धन एवं वितरण तंत्र को मजबूती प्राप्त हो सके। उन्होंने दोनों जिलों में पेयजल की वर्तमान स्थिति और आने वाले समय में संभावित स्थितियों पर विस्तार से जानकारी ली और कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान अधिक संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी से कार्य करने की जरूरत है।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि आवश्यकता वाले स्थानों पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं की जाए, जहां जरूरत हो वहां ट्यूबवैल, हैण्डपम्प स्थापित करें और पीने का पानी मुहैया कराने के लिए सभी उपलब्ध विकल्पों का इस्तेमाल करें।

# दिल्ली दंगे: कपिल मिश्रा पर एफआईआर, कोर्ट ने जांच के दिए निर्देश

**नई दिल्ली 1 अप्रैल (पीएमए)**

राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों में दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा की कथित भूमिका की आगे की जांच का निर्देश दिया। कोर्ट ने मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) वैभव चौरसिया ने कपिल मिश्रा की कथित भूमिका की आगे की जांच के लिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि उसने कपिल मिश्रा की भूमिका की जांच की है और उसके खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा पेश की गई सामग्री के आधार पर, उसकी उपस्थिति कर्दम पुरी के इलाके में थी, और एक कथित संज्ञेय अपराध पाया गया है जिसकी जांच की जानी चाहिए।

शिकायतकर्ता ने उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में कपिल मिश्रा और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एसएचओ दयालपुर को निर्देश देने की मांग की थी। 5 मार्च 2025 को दिल्ली पुलिस ने कहा कि मिश्रा की भूमिका की जांच पहले ही हो चुकी है। यह पता चला कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में भड़के दंगों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। पुलिस ने अपने लिखित बयान में कहा था कि वे याचिका का विरोध कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने लिखित बयान में कहा था कि इस मामले में कपिल मिश्रा को फंसाया जा रहा है, जबकि 2020 के उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

यह भी कहा गया कि दंगे साजिशकर्ताओं की साजिश का नतीजा थे। लिखित दलीलें विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद के माध्यम से दायर की गई हैं। दिल्ली पुलिस ने याचिका का विरोध किया और कहा कि दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश से जुड़ी एफआईआर में मिश्रा की भूमिका की जांच की गई थी। स्पेशल सेल ने कहा कि दंगों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

अदालत यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा अगस्त 2024 में दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। शिकायतकर्ता ने मिश्रा, तत्कालीन दयालपुर पुलिस स्टेशन के एसएचओ और भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट और पूर्व भाजपा विधायक जगदीश प्रधान और सतपाल संसद सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है। मोहम्मद इलियास ने अधिवक्ता महमूद प्राचा के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई और दावा किया कि 23 फरवरी, 2020 को उन्होंने कपिल मिश्रा और उनके साथियों को कर्दम पुरी में सड़क जाम करते देखा। दावा किया गया है कि मिश्रा के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वहां खड़े थे।

## जलदाय मंत्री एवं राजस्व मंत्री ने प्रतापगढ़ सर्किट हाउस में ली अधिकारियों की बैठक



**जयपुर, 01 अप्रैल।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी एवं भूझ्रजल विभाग मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी और राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग मंत्री श्री हेमंत मीणा ने मंगलवार को प्रतापगढ़ सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पेयजल, बिजली, शिक्षा और सड़क जैसी आधारभूत सुविधाएं हर एक व्यक्ति को उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

मंत्री श्री कन्हैयालाल ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि आमजन को कोई परेशानी नहीं आए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी हैंडपंप, बावड़ी एवं कुओं की मरम्मत समय पर करवा दी जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को पेयजल की आपूर्ति बाधित न हो व उन्हें कोई परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को गंभीरता से ले इसकी सतत रूप से मॉनिटरिंग की जाएगी।

बैठक में विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 योजना सहित अन्य विकास कार्यों और परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजन तक स्वच्छ पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जल जीवन मिशन के तहत आमजन को लाभांवित करें और अधूरे कार्य जल्द पूर्ण करवाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जो ठेकेदार समय पर कार्य नहीं कर रहे हैं उन पर आवश्यक कार्यवाही करें।

मंत्री श्री कन्हैयालाल ने प्रतापगढ जिले में बजट घोषणाओ के तहत अब तक की गई कार्यवाही के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने गत बजट में 3 हजार 530 करोड़ रुपए की लागत से जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजना की घोषणा के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा भी की।

उन्होंने अधिकारियों कहा कि राज्य सरकार बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर अत्यधिक गंभीर है सभी बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन नियमानुसार समय सीमा के भीतर किया जाना

## संक्षिप्त खबरें

### बनेडा स्पोर्टस नेटबॉल क्लब के दीपक भोई ने सब जुनियर नेशनल फास्ट पांचवी नेटबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर बनेड़ा का नाम रोशन किया।



**सुरज वर्मा**

भीलवाडा जिले के बनेड़ा निवासी दीपक राजस्थान सब जुनियर टीम की प्रथम चयन ट्रायल जयपुर के एशियन इंटरनेशनल स्कूल 16 मार्च को हुई।जिसमें दीपक का फाइनल चयन हुआ। राजस्थान टीम का कैंप जयपुर इंटरनेशनल स्कूल मे 22 मार्च से 26 मार्च को सम्पन हुआ यह प्रतियोगिता भिवानी हरियाणा मे 27 मार्च से 29 मार्च को संपन्न हुई। जिसमे दीपक उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए राजस्थान टीम का प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही राजस्थान के प्रथम प्राप्त किया जिसमे जिले व गाँव के खेल प्रेमियों मे खुशी के लहर छा गई नेटबॉल क्लब संरक्षक गोपाल सिंह सिसोदिया व भीलवाड़ा वॉलीबॉल अध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी क्लब के अध्यक्ष भेरू सिंह राणावत (मारासा) ने बधाई दी इसके पूर्व भी दीपक राजस्थान जुनिएर टीम का प्रतिनिधित्व कर चूके है।बनेडा खेल प्रेमियों मे खुशी के लहर छाई इस अवसर पर बनेडा इगल क्रिकेट क्लब के सचिव महेंद्र सिंह राठौर, सुमंत सिंह राठौर, गंपत घुसर, नारायण आचार्य, अरिफ खान ईलियास खान रीसालत खान, अमन लोट, हारुन खान, सोयब, अमित शर्मा, किशन खटीक, राहुल सोनी, परमेश्वर दमामी, मगन,शालू सोलंकी,दलपत सिंह,राहुल जीनगर, आदि खिलाड़ीयो ने दीपक को उज्जवल भविष्य की ढेरो शुभकामनाए दी

### राज्य सेवा के 21 अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई



**जयपुर, 01 अप्रेल।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विचाराधीन 18 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए कुल 21 अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की है।

श्री शर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के तहत कुल 5 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति जारी की तथा 4 अधिकारियों के विरूद्ध धारा 17-ए में भ्रष्टाचार के आरोपों की विस्तृत जॉच/अनुसंधान की पूवार्नुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रदान की। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 4 अधिकारियों को पेंशन रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसमें से 2 प्रकरणों में शत-प्रतिशत पेंशन रोके जाने का निर्णय किया गया।

इसी प्रकार सेवारत अधिकारियों के 5 प्रकरणों में 7 अधिकारियों के विरूद्ध विभिन्न आरोपों के प्रमाणित पाये जाने से संबंधित अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धियां रोके जाने के दण्ड से दण्डित किये जाने का निर्णय किया। 2 प्रकरणों में सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध प्रमाणित आरोपो के जॉच निष्कर्ष को अनुमोदित किया गया।

### मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

**प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में 66 करोड़ से अधिक की लागत से करवाए जाएंगे विभिन्न विकास कार्य**

**जयपुर, 01 अप्रैल।** प्रदेश की कृषि मंडियों में आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य सरकार निरन्तर महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों के मंडी यार्ड में विद्युत, मरम्मत, नवीन निर्माण कार्यों एवं संपर्क रोड के निर्माण के लिए 66 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा के इस निर्णय से भादरा, टिब्बी, रावतसर, गोलूवाला, इटावा, जैतसर, सादुलशहर एवं श्रीकरणपुर कृषि उपज मंडियों में लगभग 12 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से विभिन्न यार्ड विकास के कार्य किए जाएंगे। कोटपूतली, सुमेरपुर, सूरतगढ़, कोटा (अनाज), श्रीगंगानगर (अनाज), नागौर और गोलूवाला मंडियों में लगभग 39 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से संपर्क सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा।

इसी प्रकार सादुलपुर, सुमेरपुर, श्रीगंगानगर (अनाज) मंडियों के कृषि यार्ड में लगभग 7 करोड़ 80 लाख रुपये से विद्युत संबंधी कार्य, उदयपुर (अनाज) और हनुमानगढ़ मंडियों में लगभग 6 करोड़ 11 लाख के निर्माण एवं विद्युत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त खेरली मंडी में एक ऑयल टेस्टिंग मशीन की खरीद पर 16 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे।

इन कार्यों से मंडी प्रांगण में आधारभूत संरचनाएं सुदृढ़ होने के साथ ही, किसानों एवं मजदूरों के लिए सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

### विद्युत निगमों में अभियन्ता संवर्ग की भर्ती परीक्षा के लिए कॉल लेटर जारी

**जयपुर, 01 अप्रेल।** राजस्थान राज्य के पांचों विद्युत निगमों में सीधी भर्ती के प्रथम चरण में अभियन्ता संवर्ग के कुल 271 पदों के लिए 11 और 12 अप्रेल को राजस्थान के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं एवं अभ्यर्थियों के कॉल लेटर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इस संबंध में अभ्यर्थियों को मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल द्वारा भी सूचित कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पाँचों विद्युत निगमों में कनिष्ठ अभियन्ता के 266 और कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पदों पर सीधी भर्ती के लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने गत 30 जनवरी से 20 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किये थे। ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन), कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एण्ड सेफ्टी) एवं कनिष्ठ रसायनज्ञ के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन आगामी 11 अप्रेल को प्रथम पारी में किया जायेगा और कनिष्ठ अभियन्ता (मैकेनिकल) के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 11 अप्रेल को ही द्वितीय पारी में किया जायेगा। आगामी 11 अप्रेल को राजस्थान के 5 जिलों में ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन आगामी 12 अप्रेल को राजस्थान के 7 जिलों के 28 परीक्षा केन्द्रो पर द्वितीय पारी में किया जायेगा।

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से डेढ़ घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करना आवश्यक है। उक्त भर्ती परीक्षाओं के दौरान अनुचित संसाधनों, नकल आदि की रोकथाम हेतु विद्युत निगमों ने कड़े कदम उठाते हुए अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर के अतिरिक्त प्रत्येक अभ्यर्थी की परीक्षा के समय फोटो एवं आइरिस स्केन भी दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु विद्युत निगमों के अधिशाषी/सहायक अभियन्ता एवं समकक्ष स्तर के अधिकारियों को निगम के प्रतिनिधि के तौर पर एवं साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को भी विशेष रूप से सभी परीक्षा केन्द्रों पर तैनात किया गया है। उक्त परीक्षाओं के लिए विद्युत भवन, जयपुर में कन्ट्रोल रूम भी बनाया गया है।

### वन मंत्री ने किया अलवर जिले के लड्डूखास तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जयपुर, 1 अप्रैल।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने मंगलवार को अलवर शहर के लड्डू ख्वास की बगीची में तालाब निर्माण के कार्य व जल संरक्षण हेतु भूरा सिद्ध मंदिर के आस-पास के क्षेत्र का अवलोकन किया।

मंत्री श्री शर्मा ने नगर निगम के आयुक्त को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त सामग्री का विशेष ध्यान रखे तथा कार्य को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इसे प्रकृति के अनुरूप सुंदर स्वरूप देकर पाथ-वे बनवाए, अधिक से अधिक पौधारोपण करावे, सोलर लाइट लगवाए तथा जल संरक्षण कार्यों के साथ लोगों के घूमने की रमणिक जगह के रूप में विकसित करावें।

# जूनियर खो-खो नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सोनम ने गांव व विद्यालय का नाम किया रोशन

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैना धौस की आठवीं कक्षा की छात्रा सोनम पुत्री चरण सिंह ने जूनियर खो-खो नेशनल चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन, स्कूल प्रबंधन समिति और गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने गांव नैना और गांव धौंस में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया।







इस चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा के कुरुक्षेत्र में किया गया था। कुछ दिन पूर्व ही सोनम का चयन हरियाणा जूनियर खो-खो टीम में हुआ था। फाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने राजस्थान की टीम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल में खेलों पर विशेष ध्यान दिया जाता है और हर वर्ष विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन करते हैं। सोनम ने अपनी मेहनत और खेल कौशल से यह सफलता अर्जित की, जिसमें स्कूल प्रशासन और खेल प्रशिक्षक शारीरिक शिक्षक शमशेर सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। सोनम की इस शानदार जीत के उपलक्ष्य में गांव नैना और धौंस में उसका रोड़ शो किया गया, जहां ग्रामीणों ने उसकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान




सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वे अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिला दिलाएं।

प्रधानाचार्य विजेंद्र ने विद्यालय की अन्य उपलब्धियों और आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि आगामी सत्र में खो-खो के साथ-साथ एथलेटिक्स पर भी विशेष जोर दिया जाएगा ताकि अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी अवसर मिल सके। इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सोनम को आशीर्वाद दिया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सतवीर सिंह एवं उप प्रधान प्रीतम सिंह ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा विद्यालय के अध्यापक रोहित कुमार, वीरेंद्र कुमार, योगेश कुमार, रविंद्र, रामपाल, मुकेश, संजीव, हरदीप, अजय, कमलदीप, सतीश, सत्यनारायण, ओम प्रकाश एवं अध्यापिकाएं कांता, मनीषा और उर्मिला ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर सोनम को बधाई दी।

सोनम की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## राज्य सरकार ने दी किसानों को बड़ी राहत– खरीफ-2024 में वितरित अल्पकालीन फसली ऋणों की भुगतान तिथि बढ़ाई, 2.19 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ

**जयपुर, 1 अप्रेल।** राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए खरीफ-2024 में वितरित अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋणों की अदायगी तिथि आगे बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है। राज्य सरकार के इस निर्णय से 2.19 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इस संबंध में वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा पैक्स/लैम्प्स के माध्यम से खरीफ-2024 में ऋण प्राप्त करने वाले किसान अब 30 जून, 2025 अथवा ऋण लेने की दिनांक से 12 माह, जो भी पहले हो, ऋण राशि चुका सकेंगे। पूर्व में ऋण चुकाने की अवधि 31 मार्च, 2025 निर्धारित थी, जिसे आगे बढ़ाने की मांग की जा रही थी। राज्य सरकार ने इस मांग को स्वीकार करते हुए किसानों को बड़ा तोहफा दिया है।

श्री दक ने बताया कि तिथि आगे नहीं बढ़ाये जाने पर लगभग 2.19 लाख किसानों पर बकाया लगभग 778 करोड़ रुपये का ऋण अवधिपार हो जाता। ऐसी स्थिति में इन किसानों को शून्य ब्याज दर पर फसली ऋण सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता। साथ ही, ऋण अवधिपार होने की स्थिति में उन्हें 2 प्रतिशत पेनल्टी का भुगतान भी करना पड़ता।

## वन मंत्री ने किया अलवर जिले के लड्डूखास तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जयपुर, 1 अप्रैल।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने मंगलवार को अलवर शहर के लड्डू ख्वास की बगीची में तालाब निर्माण के कार्य व जल संरक्षण हेतु भूरा सिद्ध मंदिर के आस-पास के क्षेत्र का अवलोकन किया।

मंत्री श्री शर्मा ने नगर निगम के आयुक्त को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त सामग्री का विशेष ध्यान रखे तथा कार्य को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इसे प्रकृति के अनुरूप सुंदर स्वरूप देकर पाथ-वे बनवाए, अधिक से अधिक पौधारोपण करावे, सोलर लाइट लगवाए तथा जल संरक्षण कार्यों के साथ लोगों के घूमने की रमणिक जगह के रूप में विकसित करावें। उन्होंने भूरा सिद्ध मंदिर के पीछे वर्षा जल को संरक्षित करने हेतु एनीकेट बनाने के प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश। उन्होंने निर्देश दिये कि यूआईटी व नगर निगम शहर में जल संरक्षण हेतु आमजन को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराने के लिए प्रेरित करें।

**अलवर शहर की पेयजल व्यवस्था सुधार हेतु प्रयास जारी–**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेयजल समस्या के तत्कालीन समाधान हेतु कंटीजेंसी फण्ड में वृद्धि की है। साथ ही शहर में नई बोरिंग कराने की स्वीकृति भी दी है जिनको चालू करने के कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर जिले की पेयजल समस्या के समाधान हेतु विभिन्न सौगातें दी है जिनमें सिलीसेढ से टयूबवैल व पाईप लाईन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल उपलब्ध कराना, शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जल प्रदाय सुविधा विकसित कराने, भाखेडा-अलवर एनीकट का निर्माण / मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य, नटनी का बारां वियर से जससमंद बांध-अलवर तक निर्मित नहर का उन्नयन, डूंगरी बांध से अलवर रिजर्ववायर का निर्माण जैसी घोषणाएं शामिल हैं। राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी) को धरातल पर उतारने के कार्य के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इससे अलवर जिले की पेयजल समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

उन्होंने पोलिटेक्निक कॉलेज स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के साथ ही नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाये।

## गृह राज्य मंत्री ने कठूमर में आयोजित कुश्ती दंगल कार्यक्रम में शिरकत की

**जयपुर, 1 अप्रैल।** गृह,पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने मंगलवार को अलवर जिले के कठूमर में गणगौर मेले के उपलक्ष्य में आयोजित कुश्ती दंगल कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान कठूमर विधायक श्री रमेश खींची भी मौजूद रहे।



गृह राज्यमंत्री श्री बेढम ने आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति की पहचान है। इससे न केवल मनुष्य का भाईचारा बढ़ता है, अपितु एक सौहार्दपूर्ण वातावरण लोगों को देखने को मिलता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। अलवर में बेटियों की कुश्ती एकेडमी बनाने की घोषणा राज्य सरकार ने की है शीघ्र ही बनकर तैयार होगी। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें और नशे से दूर रहें ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आए और एक स्वच्छ समाज की नींव रखी जा सके। उन्होंने इस मौके पर उन्होंने आमजन की मांग पर खेल स्टेडियम बनबाने की घोषणा की। उन्होंने कुश्ती के विजेता पहलवानों को पुरस्कार राशि का वितरण किया।

कुश्ती दंगल को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे कुश्ती का अखाड़ा मेला जैसा दिखाई दे रहा था।

## यूपी : खेतीबाड़ी और पर्यटन से पूर्वांचल का कायाकल्प

**लखनऊ 1 अप्रैल (पी एम ए)** खेतीबाड़ी और पर्यटन के जरिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूर्वांचल का कायाकल्प कर रही है। विश्व बैंक की मदद से चलाई जा रही यूपी एग्रीज योजना से खेतीबाड़ी का कायाकल्प होगा, तो नीति आयोग के सुझाव पर योगी सरकार जिस काशी और प्रयागराज धर्म क्षेत्र तथा राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) की तर्ज पर वाराणसी एवं विंध्य क्षेत्र का विकास करने जा रही है, उससे यहां के पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यह क्षेत्र औद्योगिकीकरण में भी पीछे नहीं रहेगा।

इस धर्म क्षेत्र का रकबा करीब 22,393 वर्ग किलोमीटर का होगा। इनमें काशी और प्रयागराज के अलावा चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर और भदोही भी शामिल हैं। इनकी संयुक्त आबादी करीब 2.5 करोड़ की होगी। नीति आयोग की कार्ययोजना के अनुसार इस क्षेत्र में आने वाले धार्मिक क्षेत्रों के विकास के अलावा स्थान विशेष की परंपरा और उपयोगिता के हिसाब से औद्योगिक क्षेत्र और नॉलेज पार्क भी बनने हैं। सरकार इसका फुलप्रूफ प्लान तैयार कर चुकी है। यूपी एग्रीज जैसी महत्वाकांक्षी योजना की तो शुरूआत भी हो चुकी है।

विकास के इन सभी कार्यों को गति देने के लिए कनेक्टिविटी पर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का खासा जोर है। गोरखपुर से वाराणसी तक फोरलेन सड़क लगभग बन चुकी है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाली गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम भी पूरा है। संभव है कि अगले महीने इसका उद्घाटन भी हो जाए। चंदौली से गाजीपुर को जोड़ने वाला करीब 100 किमी लंबा एक्सप्रेसवे भी पूर्वांचल के विकास की गति देगा। इस पर करीब 7,000 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

गोरखपुर से सिलीगुड़ी तकफ प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग का भी लाभ पूर्वांचल को मिलेगा। गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार के क्रम में प्रयागराज को सोनभद्र से जोड़ने वाले करीब 300 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे का लाभ भी पूर्वांचल के कुछ जिलों को मिलेगा। उत्तर प्रदेश में देश का इकलौता अंतरराज्यीय जलमार्ग है। यह प्रयागराज को हल्दिया से जोड़ता है। इसे और विस्तार देने की घोषणा सरकार कर चुकी है।

निमार्णाधीन कुशीनगर कृषि विश्वविद्यालय, गोरखपुर के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के बन जाने पर कृषि और पशुपालन दोनों क्षेत्रों में शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, इसका भी लाभ किसानों को मिलेगा।

'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) से जुड़े कृषि उत्पादों की ब्रांडिंग का भी पूर्वांचल के किसानों को खूब लाभ मिला है। मालूम हो कि प्रतापगढ़ का आंवला, कुशीनगर का केला, अयोध्या का गुड़, सिद्धार्थनगर का काला नमक धान आदि का आज देश और दुनिया में जलवा है। इससे संबंधित जिले के किसानों को खासा लाभ हो रहा है।

## दिल्ली में बढ़ती बिजली कटौती पर आम आदमी पार्टी विधायकों की विधानसभा में चर्चा की मांग

**नई दिल्ली 1 अप्रैल (पी एम ए)** दिल्ली में लगातार बढ़ रही बिजली कटौती को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दल ने विधानसभा में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा की मांग की है। आम आदमी पार्टी के विधायकों संजीव झा और कुलदीप कुमार ने दिल्ली विधानसभा में बिजली संकट पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव (रूल 54) के तहत नोटिस दिया है।

विधायक संजीव झा ने विधानसभा के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि 28 मार्च को बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के जगतपुर गांव में घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के मुद्दे पर चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि इस पावर कट से स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने ऊर्जा मंत्री और दिल्ली सरकार से इस मुद्दे पर जवाब देने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

वहीं, विधायकों ने दिल्ली के कई इलाकों में हो रही लगातार बिजली कटौती पर रूल 59 के तहत स्थगन प्रस्ताव भी देने का नोटिस दिया है।

उन्होंने कहा कि इन बिजली कटौतियों से न केवल आम जनता को असुविधा हो रही है, बल्कि व्यवसायों और आवश्यक सेवाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

संजीव झा ने कहा, "दिल्ली के कई इलाकों में लगातार बिजली कटौती हो रही है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। व्यापार प्रभावित हो रहे हैं और आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो रही हैं। यह गंभीर समस्या है, जिसे तुरंत सुलझाने की जरूरत है।"

उन्होंने ऊर्जा मंत्री से इस मामले में तत्काल ध्यान देने और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि सदन की सामान्य कार्यवाही को स्थगित कर इस गंभीर विषय पर चर्चा की जाए।

आम आदमी पार्टी के विधायकों ने यह भी मांग की है कि सरकार स्पष्ट करे कि बार-बार हो रही बिजली कटौती का मुख्य कारण क्या है और इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से इस मुद्दे पर विस्तृत बयान देने और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने की अपील की है। बिजली कटौती को लेकर लोग लगातार सोशल मीडिया और शिकायत केंद्रों के माध्यम से अपनी परेशानी व्यक्त कर रहे हैं।

# April Fool's Day 2025: क्यों मनाया जाता है 1 अप्रैल को मूर्ख दिवस? जानिए इसकी दिलचस्प कहानी

April Fool's Day 2025: 01 अप्रैल का नाम सुनते ही सबसे पहला ख्याल आता है - मजाक, हंसी और लोगों को बेवकूफ बनाने का दिन! यही वजह है कि इस दिन दुनिया भर में लोग एक-दूसरे को अप्रैल फूल बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। शायद आपने भी बचपन में वो मशहूर गाना सुना होगा - 'अप्रैल फूल बनाया, तो उनको गुस्सा आया!'

ऑल इंडिया न्यूजपेपर........

लेकिन क्या आप जानते हैं कि अप्रैल फूल डे की शुरूआत कब और कैसे हुई? क्यों लोग इस दिन को इतनी मस्ती के साथ मनाते हैं? चलिए जानते हैं इस दिलचस्प दिन के पीछे की असली कहानी

**April Fool's DayHistory: कैसे हुई अप्रैल फूल डे की शुरूआत?**

अप्रैल फूल डे के पीछे कई कहानियां और मान्यताएं हैं, लेकिन दो सबसे लोकप्रिय थ्योरीज मानी जाती हैं

1 कैलेंडर बदलने से हुई थी शुरूआत

1582 में फ्रांस ने अपना पुराना जूलियन कैलेंडर छोड़कर नया ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया पहले जूलियन कैलेंडर के अनुसार नया साल 1 अप्रैल से शुरू होता था, लेकिन ग्रेगोरियन कैलेंडर में इसे 1 जनवरी कर दिया गया,बहुत से लोग इस बदलाव से अनजान थे और वे 1 अप्रैल को ही नए साल का जश्न मनाते रहे। ऐसे लोगों का बाकी लोगों ने मजाक उड़ाया और उन्हें 'अप्रैल फूल' कहना शुरू कर दिया यही परंपरा धीरे-धीरे पूरी दुनिया में फैल गई

**2 प्राचीन रोम के 'हिलेरिया' त्योहार से कनेक्शन**

कुछ इतिहासकारों का मानना है कि अप्रैल फूल डे की जड़ें प्राचीन रोम के 'हिलेरिया' (ल्ं१) त्योहार से जुड़ी हुई हैं यह त्योहार मार्च के आखिरी दिनों में मनाया जाता था, जिसमें लोग विभिन्न वेशभूषा पहनकर दूसरों को मूर्ख बनाने की कोशिश करते थे,लैटिन भाषा में 'HilÔriÔ' का मतलब ही खुश रहना या हंसी-मजाक करना होता है यही परंपरा बाद में अप्रैल फूल डे के रूप में प्रसिद्ध हो गई

**भारत में कब और कैसे शुरू हुआ अप्रैल फूल डे**

भारत में अप्रैल फूल डे मनाने की शुरूआत 19वीं शताब्दी में हुई, जब अंग्रेजों का राज था ब्रिटिश अपनी कई परंपराएं भारत में लाए, जिनमें से एक यह भी थी धीरे-धीरे यह भारतीय समाज में लोकप्रिय हो गया और आज के दौर में यह एक मजेदार दिन बन चुका है

**अप्रैल फूल डे का महत्व**

हालांकि अप्रैल फूल डे कोई सरकारी छुट्टी नहीं है, लेकिन दुनिया भर में इसे मजाक और मनोरंजन के दिन के रूप में मनाया जाता है इस दिन लोग एक-दूसरे के साथ हल्के-फुल्के मजाक करते हैं, जिससे हंसी और खुशियों का माहौल बना रहता है

अप्रैल फूल डे सिर्फ एक मजाक का दिन नहीं, बल्कि इतिहास से जुड़ा एक अनोखा त्योहार भी है यह हमें सिखाता है कि ज़िंदगी में हंसी-मजाक जरूरी है और छोटी-छोटी शरारतें रिश्तों में खुशियां भर सकती हैं लेकिन मजाक इतना भी ज्यादा न हो कि किसी को बुरा लग जाए

तो इस 1 अप्रैल 2025 को हंसी-मजाक के साथ इस दिन को एन्जॉय करें, लेकिन बिना किसी को नुकसान पहुंचाए

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व स्वास्थ्य संगठन के सी.एस.ओ. कमीशन ने डॉ. रमेश गांधी को "कम्युनिकेशन वर्किंग ग्रुप" का सदस्य नियुक्त किया



**विश्व** स्वास्थ्य संगठन के सिविल सोसाइटी आयोग द्वारा डा. रमेश गांधी को संचार कार्य समूह (उहत्र) के सदस्य के रूप में चुना है यह घोषणा श्री रूडोल्फ डैडी द्वारा जिनेवा स्थित डब्ल्यूएचओ मुख्यालय से जारी एक ईमेल में की गई सिविल सोसाइटी कमीशन डब्ल्यू.एच.ओ. नेटवर्क का ही एक अंग जिसके प्रबंधन हेतु एक संचालन समिति, एक जनरल मीटिंग और विशेष 'कार्य समूह' शामिल होते हैं जेनेवा स्थित डब्ल्यू.एच.ओ. मुख्यालय ही इसके सचिवालय के रूप में कार्य करता है और आयोग के सभी कार्यों को सुगमता और सहयोग प्रदान करता है हाल ही में इस कमीशन की वार्षिक आम बैठक-2025 जेनेवा से हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई इसे डब्ल्यू.एच.ओ. के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस और स्वास्थ्य एवं बहुपक्षीय भागीदारी निदेशक गौडेनज सिल्वरस्मिथ ने भी संबोधित किया। इसमे विभिन्न देशों से 150 सदस्यों ने भाग लिया इस मीटिंग में भारत से डॉ. रमेश गांधी ने अपने विचार रखे. उन्होंने हल्ड के क्षेत्रीय स्तरों से संसाधन जुटाने की रणनीति विकसित करने के बारे में बात की। उन्होंने विभिन्न देशों की प्रमुख हस्तियों, सिलेब्रिटीज और प्रमुख हितधारकों को उनके देशों की स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं और स्वास्थ्य संबंधी रणनीतिक विकास लक्ष्यों (रग्रछ्र.) पर योगदान हेतु शामिल करने का सुझाव दिया।

इस विश्वस्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद, डॉ. गांधी ने बताया कि आयोग के सदस्य के रूप में दुनिया भर के 750 से अधिक संस्थान हैं। इनमे सबसे अधिक सदस्यों वाले शीर्ष 16 देशों में अमेरिका, नाइजीरिया, यूनाइटेड किंगडम, केन्या, भारत, स्विट्जरलैंड, युगांडा, बेल्जियम, पाकिस्तान, नेपाल, कनाडा, ब्राजील, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, चीन और मलेशिया शामिल हैं। सदस्य संख्या के आधार पर इनमें भारत ऊपर से पांचवे स्थान पर आता है.

### गर्मी के मौसम में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था समय पर करें सुनिश्चित: जिला कलक्टर



**बारां, 1 अप्रैल।** आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में मंगलवार को मिनी सचिवालय सभागार में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

सम्पर्क पोर्टल और संगम एप पर रखें निगरानी

जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल और समन्वय संगम ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं जनसमस्याओं के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध रूप से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

गर्मी के मौसम से प्रभावी रणनीति के साथ निपटने

जिला कलक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाओं में कूलर, पंखा एवं डक्टिंग कूलर सहित बिजली व पेयजल आपूर्ति को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ को निर्देश दिए कि ओपीडी में सुविधाओं का शीघ्र ही विस्तार करें। जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल पर्याप्त मात्रा में और उचित वितरण से प्राप्त हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों की सफाई, मरम्मत एवं जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि वे अधिकारियों को अलग-अलग स्थानों की जांच के लिए टीम गठित करें। और जवाबदारी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर में बेहतर सफाई की व्यवस्था और नालों की सफाई समय पर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रवेश उत्सव के लिए विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सूर्य घर योजना एवं कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने मंगला पशु बीमा, खाद्य सुरक्षा एवं पेंशन योजना सहित अन्य विभागों की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र व्यक्तियों को लाभ देने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर फसलों की खरीद के लिए व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एडीएम दिवांशु शर्मा, एसडीएम बनवारी मीणा, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, एसई राजवीर सिंह, सहायक निदेशक शुभम नागर, सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा, डीटीओ डॉ कल्पना शर्मा, सहायक निदेशक कृषि धनराज मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला कलक्टर ने नववर्ष पर किया कृषि जिंसों की नीलामी का शुभारंभ



**बारां, 1 अप्रैल।** कृषि उपज मंडी समिति बारां सचिव डॉ0 हरिमोहन बैरवा ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 मंगलवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में व्यापार संघ के आग्रह पर जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा मण्डी में कृषि जिंसो की नीलामी का शुभारम्भ शिव गणेश मंदिर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इस आयोजन में जिला कलक्टर तोमर के साथ पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरीं, व्यापार संघ ह्यकह्न वर्ग के अध्यक्ष मनीष लश्करी, अध्यक्ष व्यापार मण्डल देवकीनन्दन बंसल, अध्यक्ष मुनीम संघ शंकरलाल सुमन, अध्यक्ष हम्माल संघ रमेशचन्द सुमन एवं अन्य व्यापारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# चेहरे को चमकाने से बाल लंबे और घने करने तक, ऐसे काम आता है एलोवेरा



**एलोवेरा का पौधा ज्यादातर घरों में आसानी से मिल जाता है और मार्केट में एलोवेरा जेल भी ज्यादा महंगा नहीं आता है. इसे आप चेहरा चमकाने से लेकर बालों की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने तक के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं. जान लेते हैं इसकी कुछ रेमेडीज.**

एलोवेरा एक ऐसा इनग्रेडिएंट है जो मार्केट में किफायती दरों पर मिल जाता है तो वहीं घरों में भी फ्री में उपलब्ध है. ये सेहत से लेकर त्वचा तक के लिए बेहद फायदेमंद होता है. एलोवेरा जूस का सेवन करने से लेकर इसे गुम चोट, घावों पर लगाने से लेकर हेल्दी स्किन और बालों के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है. एलोवेरा कई शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेट्स से भरपूर होता है. आयुर्वेद में एलोवेरा का इस्तेमाल कई दवाओं को बनाने में किया जाता है. आप भी इसका इस्तेमाल अलग-अलग तरीकों से कर सकते हैं. आज के इस आर्टिकल में जानेंगे एलोवेरा से जुड़ी ऐसी ही रेमेडीज के बारे में जो आपके बालों और त्वचा से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिला सकती हैं.

नेचुरल चीजों का इस्तेमाल आपकी सेहत से लेकर त्वचा, बालों तक के लिए ज्यादा फायदेमंद माना जाता है. भले ही ऑर्गेनिक चीजें धीरे-धीरे असर करती हैं, लेकिन बेहतरीन रिजल्ट मिलता है और नुकसान होने की संभावना भी बहुत कम होती है, इसलिए दादी-नानी देसी नुस्खों का इस्तेमाल खूब किया करती थीं. जान लेते हैं त्वचा और बालों के लिए एलोवेरा की रेमेडीज.

चेहरे पर बढ़ेगा नेचुरल ग्लो

त्वचा में नेचुरल ग्लो तो हर कोई चाहता है. इसके लिए आप एलोवेरा को विटामिन ई के कैप्सूल के साथ मिलाकर चेहरे से गर्दन तक अप्लाई करें और 20 से 25 मिनट बाद फेस क्लीन कर लें. इस पैक को हफ्ते में दो से तीन बार यूज करने से कुछ ही दिनों में चेहरे के दाग-धब्बे, पिंपल्स कम होने लगते हैं और स्किन क्लियर हो जाती है. इससे स्किन में कसाव भी आता है.

बाल बनेंगे सिल्की-शाइनी

एलोवेरा में हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, जो त्वचा के साथ ही बालों को भी नमी प्रदान करते हैं. फायदे को बढ़ाने के लिए दही और अंडा के साथ एलोवेरा मिलाकर बालों में लगाना चाहिए. इस हेयर पैक को लगाने के बाद आपको पहली ही बार में बेहतरीन रिजल्ट मिलेगा.

ड्राई स्किन होगी मुलायम

जिन लोगों की त्वचा में ड्राईनेस ज्यादा रहती है. उनके लिए भी एलोवेरा बेहतरीन इनग्रेडिएंट है. इसके लिए एलोवेरा जेल में शहद, गुलाबजल और दो से तीन बूंद नारियल का तेल मिलाकर अप्लाई करना चाहिए. इससे त्वचा मुलायम बनती है और ड्राईनेस कम होने लगती है.

डैंड्रफ दूर करे एलोवेरा

बालों के झड़ने की बहुत बड़ी वजह डैंड्रफ भी होता है. इससे छुटकारा पाने के लिए एलोवेरा को दही और नींबू के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है. इसके अलावा एलोवेरा जेल में थोड़ा सा कोई भी जेंटल स्क्रब मिलाकर स्कैल्प पर मसाज करके बाल धो देना चाहिए. इससे भी डैंड्रफ कम होती है. हफ्ते में एक बार ऐसा करने से जल्दी ही डैंड्रफ से छुटकारा मिल जाता है.

# आईपीएल में हो रही है चौकों-छक्कों की बरसात, कौन बनेगा चैम्पियन



आईपीएल का 18वां सत्र आरंभ हो चुका है। भारत के क्रिकेट इतिहास में आईपीएल की लोकप्रियता चरम पर है। हर साल गर्मियों में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में देश की प्रतिष्ठा भले ही दांव पर न हो लेकिन खिलाड़ियों को मालामाल करने के लिए यह काफी है। आईपीएल यानी इंडियन प्रीमियर लीग देश का एक ब्रांड बन चुका है। इसमें हर खिलाड़ी भाग लेना चाहता है। वजह, बहुत कम समय में लखपति या करोड़पति बनने का यह सुनहरा अवसर है। हम सब जानते हैं कि विभिन्न टीमों में खिलाड़ियों को चुनने के लिए ऊंची बोलियां लगती हैं। अच्छे खिलाड़ियों को अपने पाले में करने के लिए फ्रैंचाइजी कंपनियां करोड़ों रुपये न्योछावर कर देती हैं। इस बार भी नीलामी में कई खिलाड़ियों के लिए कंपनियों में होड़ रही। मसलन, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच जमकर होड़ रही। आखिरकार लखनऊ ने 27 करोड़ रुपये में पंत को अपने साथ जोड़ लिया। हालांकि, अभी तक खेले गए दो मैचों में वह कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।कई खिलाड़ियों ने इस बार पाला बदल लिया है। पिछले सत्र तक जो खिलाड़ी जिस टीम में थे वे अब दूसरी टीम के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। इसी नाते कई टीमों के नए कप्तान भी दिख रहे हैं। पिछली बार की विजेता टीम कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब की टीम से जुड़ गए हैं। वह इस टीम के नए कप्तान हैं। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 लाख रुपये में खरीदा है। आईपीएल की नीलामी ने साल- दर- साल व्यापक रूप ले लिया है। इस नीलामी से क्रिकेट के खेल में भारत के एक बड़ी ताकत होने और अपने देश में क्रिकेट का विशाल बाजार होने का पता चलता है। यही कारण है कि अपने यहां आईपीएल की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। देखना यह है कि इस बार कौन सी टीम चैम्प्यनि बनेगी? कुल दस टीमों के बीच जोर आजमाइश शुरू हो चुकी है।कई युवा खिलाड़ी आईपीएल के मंच पर दमदार प्रदर्शन करके देश की टीम में शामिल हो रहे हैं। यह नेशनल टीम में आने का एक दरवाजा बन चुका है। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रिंकू सिंह, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह आदि कुछ ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने आईपीएल के दम पर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है।

चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की एक चहेती टीम है जिसने अब तक 5 बार यह खिताब जीता है। देश के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इस टीम के साथ आरंभ से ही जुड़े हुए हैं। वह 42 साल के हो चुके हैं पर, अब भी खेल रहे हैं। धोनी की वजह से यह टीम सबकी चहेती बनी हुई है। हर बार लगता है कि यह धोनी का आखिरी साल है लेकिन उनके करोड़ों प्रशंसक उन्हें रिटायर नहीं होने दे रहे। 2025 का आईपीएल उनका आखिरी है या नहीं, यह कोई नहीं बता सकता। धोनी जब तक फिट हैं, खेलते रहेंगे।

विराट कोहली एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपनी टीम नहीं बदली। वह शुरू से यानी 2008 से ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हैं। यह बात दीगर है कि उनकी टीम आजतक कोई खिताब नहीं जीत सकी है। कोहली द्वारा कप्तानी छोड़ने के बाद पिछले साल तक दक्षिण अफ्रीका के फाफ डू प्लेसी बेंगलुरू के कप्तान थे। इस बार युवा रजत पाटीदार कप्तान हैं। मुकेश अंबानी के मालिकाना हक वाली टीम मुंबई इंडियंस ने भी 5 बार आईपीएल का खिताब जीता है, मगर जबसे हार्दिक पांड्या इसके कप्तान बने हैं टीम का प्रदर्शन गिरावट पर है। पिछले साल रोहित शर्मा को हटा कर पांड्या को कप्तान बनाया गया। इससे टीम में कटुता भी दिखी है। इस बार भी पांड्या ही कप्तान हैं। जसप्रीत बुमराह इस टीम के मुख्य खिलाड़ी है लेकिन उनके साथ फिटनेस की समस्या है। कई माह से वह मैदान से बाहर हैं। गुजरात टाइटंस तीन साल पहले आईपीएल में शामिल हुई और 2023 में चैम्पियन भी बन गई। तब हार्दिक पांड्या ने अपनी कप्तानी का लोहा मनवाया था। ज बवह मुंबई के साथ चले गए तो शुभमन गिल को गुजरात का कप्तान बनाया गया है।

कोलकाता ने तीन बार आईपीएल जीता है। इस बार नए कप्तान अंजिक्य रहाणे पर यह जिम्मेदारी है कि वह 2024 में जीते खिताब की रक्षा करें। इस टीम के साथ क्विंटन डीकाक भी जुड़ गए हैं जो अभी तक लखनऊ के साथ थे। कोलकाता की जीत के बाद ही इसके कोच गौतम गंभीर को पिछले साल जुलाई में भारत का मुख्य कोच बनाया गया है। हैदराबाद की टीम के कप्तान ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस हैं। उनकी टीम पिछले साल उम्दा प्रदर्शन करके प्ले ऑफ में पहुंची थी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी गुजरात छोड़ कर इस बार हैदराबाद के साथ हैं। राजस्थान रायल्स को आईपीएल का पहला खिताब जीतने का श्रेय प्राप्त है, पर इसके बाद उसके हाथ खाली हैं। भारत के कोच पद से हट चुके राहुल द्रविड़ अब इस टीम के कोच हैं। संजू सैमसन इस टीम के कप्तान हैं। ऋषभ पंत के दिल्ली छोड़ने के बाद अक्षर पटेल को नया कप्तान बनाया गया है। दिल्ली ने अभी तक खिताब नहीं जीता है।

## संपादकीय

# मोदी की नागपुर यात्रा संतुलन की कवायद

अपने प्रधानमंत्रित्व काल के तकरीबन 11 वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी को नरेन्द्र मोदी ने इतना मजबूत बना दिया है कि उसके अध्यक्ष जेपी नड्डा को यह कहने में न तो संकोच हुआ और न ही डर लगा कि %अब भाजपा इतनी शक्तिशाली हो चुकी है कि उसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ज़रूरत नहीं रह गयी है%। देश ने अब तक भाजपा के दो ही प्रधानमंत्री देखे हैं- मोदी के अलावा अटल बिहारी वाजपेयी। तीन बार पीएम का पद सम्हालने वाले वाजपेयी का कार्यकाल हालांकि एक ही बार पूर्णकालिक रहा था (पहले दो बार क्रमश- 13 दिन व 13 माह का)।अटल बिहारी वाजपेयी 2007 में गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लेने के दौरान संघ मुख्यालय गए थे, लेकिन तब वह प्रधानमंत्री के पद पर नहीं थे। बतौर प्रधानमंत्री मोदी ने भी 2014 से अब तक यहां आने की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। 11 सालों बाद 2025 में अब कहीं जाकर मोदी ने रविवार को यहां का दौरा किया। वे भवन में स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर भी गये जहां संघ के संस्थापक हेडगेवार तथा दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक हैं। इससे पहले मोदी 2013 में यहां आये थे, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संघ के पदाधिकारी तथा प्रवक्ता इसे गैर राजनीतिक यात्रा बता रहे हैं, लेकिन संघ से वाकई बड़े हो चुके मोदी के यहां आने का मकसद,वह भी इतनी देर से, ढूंढ़ा जा रहा है।पहली बात यह कही जाती है कि नड्डा के उपरोक्त उल्लेखित बयान के कारण भाजपा तथा संघ के बीच रिश्तों में आई दरार को पाटने मोदी यहां आये थे। इतना ही नहीं, यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अगले साल बिहार में होने जा रहे चुनाव पर भी चर्चा हुई होगी। कोई कह सकता है कि इस दौरान जब मोदी ने लोकसभा के तीन और न जाने कितने राज्यों के विधानसभा चुनाव जीत लिये तो अब बिहार का चुनाव जीतने हेतु उन्हें संघ प्रमुख से चर्चा करने के लिये क्योंकर आने की आवश्यकता महसूस हुई होगी। बिहार के बारे में पिछले कुछ समय से भाजपा तथा संघ गम्भीर हैं। वह इस मायने में कि प्रदेश की भाजपा इकाई ने यह कहकर बिहार जीतने की मंशा जाहिर की है कि, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब यहां भाजपा का मुख्यमंत्री बने।% हाल ही में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बिहार का पांच दिवसीय दौरा किया था। इन सारी बातों को जोड़कर भी देखा जा रहा है। वैसे नड्डा की बात में दम तो है कि संघ के बिना भाजपा को चुनाव जीतना आता है। वे दिन गये कि संघ के असंख्य कार्यकर्ता वर्तमान भाजपा और पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के प्रत्याशियों के लिये चुनावी श्रम करते थे। अब भाजपा कायकर्ताओं के बल पर नहीं वरन केन्द्रीय जांच एजेंसियों- सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर आदि के जरिये विपक्ष को खत्म कर, ऑपरशन लोटस, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, ईवीएम, इलेक्टोरल बॉड्स से इकट्ठी धन राशि, समर्थक मीडिया, आईटी सेल आदि के बल पर चुनाव जीतती है।वैसे तो जब सक्रिय राजनीति में शामिल या सत्ता में बैठे लोग आरएसएस से दूरी बनाकर रखते हैं, तो यह संघ के उस विमर्श को बढ़ाने में मददगार साबित होता है जिसमें कहा जाता है कि संघ एक सांस्कृतिक संगठन है तथा उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि संघ व भाजपा के अंतर्संबंधों का पर्याप्त खुलासा हो चुका है तथा अब इस बात को बाहरी ही नहीं, खुद दोनों संगठनों के लोग नहीं मानेंगे।

बहरहाल, संघ कार्यालय में उन्होंने अपने 34 मिनट के भाषण में संघ की स्वाभाविकत- भरपूर तारीफ की। उसे वटवृक्ष बताया तथा कहा कि संघ उनके जैसे लाखों लोगों को देश के लिये जीने की प्रेरणा है। फरवरी में मुम्बई में हुए भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए तथा हाल ही में प्रसिद्ध अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ हुई चर्चा में भी मोदी ने संघ की प्रशंसा की थी तथा अपने जीवन पर संगठन के पड़े प्रभाव को बतलाया था। अपने भाषण में मोदी ने देश में हुई विभिन्न त्रासदियों में संघ कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों को मदद पहुंचाने का ज़िक्र भी किया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कोरोना काल में जब लाखों देशवासी ऑक्सीजन, दवाओं तथा बिस्तरों के अभाव में मर रहे थे.

# अमेरिका के पलटने से वैश्वीकरण का सपना टूटा

ये महत्वपूर्ण बदलाव हैं जो दुनिया के कई कोनों में अपना प्रभाव डालेंगे क्योंकि अमेरिका की ताकत और उसके बड़े व्यवसायों की शक्ति एवं पहुंच नए राजनीतिक माहौल के अनुरूप है। अमेरिका के सामने निस्संदेह एक जटिल और परेशान समय है जो ऐसी कई क्रॉस धाराओं के बीच मुड़ता है जिनके पास ताकत हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी नीति में और अधिक बदलाव का संकेत देने वाले एक महत्वपूर्ण भाषण में वैश्वीकरण की नीति को खारिज कर दिया है। उन्होंने उस विचार प्रणाली पर भी हमला किया है जिसने अमेरिकी कंपनियों को आउटसोर्स सुविधाओं में आप्रवासियों और सस्ते श्रम से लाभ कमाने में सक्षम बनाया है। भाषण का फोकस अमेरिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी उत्पाद डिजाईनों को त्यागने और लागत बचाने के लिए कहीं और उत्पादित उत्पादों को अपनाने के कारण अमेरिकियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा ।वेंस ने चीन का नाम तीन बार लिया लेकिन भारत का नहीं। फिर भी, ऑफ़शोरिंग की बुराइयों पर ज़ोर देने से इसमें कोई संदेह नहीं रह गया कि भारत के सॉफ़्टवेयर और संबंधित सेवाओं को इस तर्क के व्यापक विषय से बाहर नहीं रखा गया था। भारत ने वर्ष 2023-24 में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निर्यात किया जिसमें से आधे से अधिक अमेरिका को किया गया है। ट्रम्प पहले भी भारतीय कॉल सेंटरों का मजाक उड़ा चुके हैं जिनमें से अधिकांश यूएस-आधारित ग्राहकों की सेवा करते हैं लेकिन पहले ही एआई-संचालित समाधानों की बढ़ती तैनाती के कारण एक अलग खतरे में हैं। उपराष्ट्रपति वेंस 18 मार्च को उद्यम पूंजी फर्म आंद्रेसेन होरोविट्ज़ द्वारा आयोजित एक तकनीकी कार्यक्रम अमेरिकी गतिशीलता शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय हित के लिए काम करता है; और इस संदेश के साथ 2025 की बैठक को बढ़ावा दिया गया कि %यह अमेरिका के निर्माण करने का समय है।

हालांकि यह कहना मुश्किल है कि वेंस की नीति तत्काल कैसे चल सकती है और अगर यह एक जटिल और बेहद कुशलता से काम करने वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखला को उजागर करने का एक यथार्थवादी उद्यम है% तो भारतीय संदर्भ में कई दिलचस्प बातें सामने आ खड़ी होती हैं।

पहली तो यह कि, भारत अब चीनी मॉडल की नकल करके विनिर्माण केंद्र बनाने या बनने की उम्मीद नहीं कर सकता। फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों को अपने कारखानों को भारतीय साइटों पर लाने और अमेरिकी बड़ी कंपनियों के लिए निर्माण करने वाली बात पीछे छूट रही है। उस तरह के विनिर्माण आधार के निर्माण का खेल इसकी समाप्ति तिथि



से आगे निकल चुका है। यहां तक कि यदि भारत इस नीति को जारी रखता है तो भी वह यह खेल के निचले सिरे तक ही सीमित रहेगा। वह भी ऐसी जगह जिसे चीन ने इस श्रृंखला में कुछ ज्यादा पाने के लिए पीछे छोड़ दिया था। उदाहरण के लिए, आंकड़ों के मुताबिक चीन में 2009 में आईफोन 3 जी की असेंबली के लिए कुल मूल्य केवल 6.5 अमरीकी डालर या उस मॉडल के लिए सामग्री के बिल का 3.6 प्रतिशत था। यह केवल फॉक्सकॉन द्वारा असेंबली के लिए था। एक दशक बाद 2018 में आईफोन एक्स के लिए यह 104 अमरीकी डालर या सामग्री के बिल का 25.4 प्रतिशत तक पहुंच गया क्योंकि चीन बहुत धीरे-धीरे आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत हो गया और बैटरी, फ्रेम तथा कैमरा मॉड्यूल जैसे कई (गैर-कोर) भागों की आपूर्ति की। यह डेटा टोक्यो के नेशनल ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज के युकिंग जिंग की रिपोर्ट से है।

वेंस के विरोध का एक कारण मूल्य श्रृंखला में चीन का ऊपर जाना भी है, जबकि अमेरिका इस बात से नाखुश है कि वैश्वीकरण ने अमेरिका से नौकरियां छीन ली हैं। (मूल्य श्रृंखला व्यवसायों के लिए रणनीतिक योजना का एक अभिन्न अंग है। मूल्य श्रृंखला किसी उत्पाद या प्रक्रिया के पूरे जीवनचक्र को संदर्भित करती है , जिसमें सामग्री सोर्सिंग, उत्पादन, खपत और निपटान-पुनर्चक्रण प्रक्रियाएं शामिल हैं।) अमेरिका इस बात से भी असहज है कि इस प्रक्रिया ने उन देशों को लाभान्वित किया है जहां उत्पादों या सेवाओं का निर्माण होता है। दूसरे शब्दों में अमेरिका स्वीकार कर रहा है कि वैश्वीकरण केवल अमेरिकी हितों की सेवा के लिए था और विनिर्माण केंद्रों के लिए काम नहीं करने वाला था। वेंस ने इसे कई शब्दों में कहा- %हमने माना कि अन्य राष्ट्र हमेशा मूल्य श्रृंखला में हमारा पीछा करेंगे लेकिन यह पता चला है कि जैसे-जैसे वे मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर बेहतर होते गए उन्होंने भी ऊंचे स्तर (इसमें प्रीमियम, अपस्केल, शानदार, टॉप-ऑफ़-द-लाइन और उच्च-गुणवत्ता शामिल हैं) पर पकड़ना शुरू कर दिया। हम दोनों सिरों से निचोड़े गए थे। यह वैश्वीकरण का पहला झूठा घमंड या दावा था।

तथ्य यह है कि भारत को खतरे के रूप में कम नहीं समझा गया है या उल्लेख नहीं किया गया है, यह भी एक संकेतक है कि देश अपने सभी दावा किए गए तकनीकी कौशल के लिए सस्ते श्रम वाली मध्यस्थता में फंसा हुआ है जिसमें नारायण मूर्ति के युवाओं के लिए 70 घंटे के कार्य सप्ताह जैसे नुस्खे में सीमित आकांक्षाएं देखी गई हैं। भारत को उत्तेजक, आकर्षक और अभिनव सॉफ्टवेयर समाधानों के साथ आगे होना चाहिए था लेकिन भारत की नीतियां बहुत धीमी गति से आगे बढ़ने की है; जबकि चीनियों ने लंबी छलांग मारकर खुद को आगे कर लिया जिसके उदाहरण डीपसीक, मानुस या ओबाबा के क्यूडब्ल्यूक्यू -32 बी जैसे चीनी एआई मॉडल हैं।वेंस के अनुसार, वैश्वीकरण का दूसरा झूठा दावा यह था कि सस्ता श्रम एक बैसाखी बन गया, यहां तक कि एक नशीली दवा बन गया जिसने अमेरिकी नवाचार को दबा दिया है। वेंस की योजना के अनुसार यदि यह दवा आपूर्ति% काट दी जाती है तो कंपनियों को उसी काम के लिए अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाएगा जो उन्हें उत्पादकता और मार्जिन बनाए रखने हेतु नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगा। पहले कई लोगों ने आउटसोर्सिंग को एक नवाचार कहा है। अब हम एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जहां आउटसोर्सिंग को नवाचार की मौत की घंटी के रूप में देखा जा रहा है। यह एक नाटकीय उलटफेर है जो यह संकेत दे सकता है कि रोजमर्रा में अमेरिकी श्रमिकों के गुस्से ने कितना कुछ गहरा छोड़ दिया है।दूसरी बात जो सामने आती है वह यह है कि उपभोक्तावाद ने अमेरिका के मन में खालीपन भर दिया है। इसका बड़ा सबूत इस बात से मिलता है जब वेंस इशारा करते हैं कि %श्रमिकों को उनकी नौकरियों से, उनके समुदायों से, उनकी एकजुटता की भावना से अलग करने% के कारण अमेरिका को नुकसान पहुंचा है। उपभोक्तावाद विरोधी गहरी भावना के साथ उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से कहा- %आप लोगों में उनके उद्देश्य की भावना से अलगाव देखते हैं और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक ऐसे नेतृत्व को देखते हैं जो मानता है कि लोक कल्याण नौकरी की जगह ले सकता है और एक मोबाईल फोन एप उद्देश्य की भावना को बदल सकता है।? वेंस ने वास्तव में तर्क दिया कि पैसा भले ही उपलब्ध हो लेकिन वह किसी ऐसी चीज को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है जो काम के बारे में सम्मानजनक और उद्देश्यपूर्ण थी।ये महत्वपूर्ण बदलाव हैं जो दुनिया के कई कोनों में अपना प्रभाव डालेंगे क्योंकि अमेरिका की ताकत और उसके बड़े व्यवसायों की शक्ति एवं पहुंच नए राजनीतिक माहौल के अनुरूप है। अमेरिका के सामने निस्संदेह एक जटिल और परेशान समय है जो ऐसी कई क्रॉस धाराओं के बीच मुड़ता है जिनके पास ताकत हैं।क्यू-एनॉन और इसके मनगढ़ंत दावों और षड्यंत्र के सिद्धांतों को भूल जाइए। हम नए क्षेत्र में हैं जिसमें डार्क एनलाइटनमेंट नामक नव-प्रतिक्रियावादी आंदोलन के संस्थापक टेक नेता कर्टिस यारविन जैसे पर्दे के पीछे के प्रभावशाली खिलाड़ी हैं, जो चाहते हैं कि अमेरिकी लोकतंत्र को राजशाही में बदल दिया जाए। तकनीकी-स्वच्छंदतावाद का उदय सरकार की दखलदांजी को कम करना और व्यक्तियों के लिए अधिक स्वतंत्रता उपलब्ध कराएगा लेकिन विपक्ष को चुप कराने के लिए सरकार का अधिकतम उपयोग करने के लिए तैयार है। बेशक, ऐलन मस्क हैं जो मानते हैं कि सरकार एक हिंसक एकाधिकार है और इसे ध्वस्त करने की जरूरत है। पे पॉल के सह संस्थापक पीटर थिएल हैं जो मानते हैं कि मृत्यु अपरिहार्य नहीं है। फिर ट्रम्प भी हैं जो हमेशा के लिए राजा बनकर खुश रहना चाहते हैं।

## एचबीएल इंजीनियरिंग को कवच के लिए मिले 762 करोड़ के ऑर्डर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** एचबीएल इंजीनियरिंग को सेंट्रल रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के लिए पांच ऑर्डर दिए हैं, जिनकी कुल कीमत 762.56 करोड़ रुपये है। कंपनी ने बताया कि इस साल अब तक उसे कवच से जुड़े कुल 3618 करोड़ रुपये के ठेके मिल चुके हैं। ये ठेके 413 रेलवे स्टेशनों के बीच लगभग 3900 किलोमीटर के ट्रैक पर कवच प्रणाली लगाने के लिए दिए गए हैं और इन्हें पूरा करने में 18 महीने लगेंगे। कवच एक आधुनिक तकनीक पर आधारित सुरक्षा प्रणाली है, जो ट्रेन चलाते समय किसी गलती या आपातकाल में अपने आप ब्रेक लगा देती है। यह सिस्टम खासकर तब काम आता है जब लोको पायलट सही समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता या मौसम खराब होता है। रेलवे के अनुसार, ट्रैक पर कवच लगाने का खर्च लगभग 50 लाख रुपये प्रति किलोमीटर है और इंजनों में यह सिस्टम लगाने का खर्च करीब 80 लाख रुपये प्रति इंजन है। अब भारतीय रेलवे पूरे देश में इस कवच प्रणाली को बड़े पैमाने पर लगाने की योजना बना रहा है। फिलहाल, तीन कंपनियों को इस सिस्टम की आपूर्ति की मंजूरी दी गई है और बाकी कंपनियों का परीक्षण चल रहा है। रेलवे ने 10 हजार इंजनों में कवच प्रणाली लगाने की योजना बनाई है। इसके अलावा 15 हजार किलोमीटर ट्रैक पर इस सिस्टम को लगाने के लिए निविदाएं जारी की गई हैं, जिनमें से 1865 किलोमीटर के लिए ठेके पहले ही दिए जा चुके हैं।

## रिप्लस का बैटरी विनिर्माण संयंत्र विस्तार योजना का एलान

**नई दिल्ली।** बैटरी निर्माण कंपनी रिप्लस ने अपने वर्तमान एक गीगावाट घंटा (जीडब्ल्यूएच) उत्पादन संयंत्र को अगले साल तक छह जीडब्ल्यूएच तक विस्तार करने की योजना का अनावरण किया। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि इस विस्तार में अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीकों को शामिल किया जाएगा ताकि भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस) बाजार की जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्नत रिप्लस छह जीडब्ल्यूएच संयंत्र को हाई-स्पीड ऑटोमेशन मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री का अपनाना और अगली पीढ़ी के उत्पादों का निर्माण जैसी विशेषताओं के साथ डिजाइन किया जाएगा। बाजार की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए संयंत्र एक सेल केमिस्ट्री और टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक दृष्टिकोण अपनाएगा, जिसमें उच्च ऊर्जा घनत्व सेल, ब्लेड सेल, भविष्य की सेल केमिस्ट्री जैसे एनए-आईऑन, एलएमएफपी और एलटीओ को संभालने की क्षमता होगी।

## इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड बीकानेर में साझे में विकसित करेगी 500 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी सीएनजी वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के निदेशक मंडल ने बीकानेर, राजस्थान में राज्य सरकार के एक उपक्रम के साथ मिल कर 500 मेगावाट क्षमता के एक सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी है। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यय होगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त उद्यम में आईजीएल की हिस्सेदारी जिसमें आईजीएल की 74 प्रतिशत और राजस्थान सरकार द्वारा संचालित राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। कंपनी ने कहा है कि यह योजना सतत ऊर्जा यात्रा की दिशा में आईजीएल का एक निर्णायक कदम है और यह रणनीतिक पहल कंपनी के पोर्टफोलियो में विविधता लाने और अपने शुद्ध शून्य लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन का नेतृत्व करने के मिशन के साथ सहज रूप से जुड़ा है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ' आईजीएल के साथ साझेदारी में बीकानेर जिले में 500 मेगावाट का नया सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह परियोजना एक संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी। आरवीयूएनएल अपने आगामी सौर पार्क में संयुक्त उद्यम को भूमि उपलब्ध कराएगा और निर्बाध बिजली निकासी की सुविधा प्रदान करेगा।


## आईजीएल बोर्ड ने अक्षय ऊर्जा उद्यम को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** अपनी सतत ऊर्जा यात्रा की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, देश की सबसे बड़ी सीएनजी वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के निदेशक मंडल ने राजस्थान में एक सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दे दी है। आईजीएल ने यहां बताया कि यह रणनीतिक पहल आईजीएल के अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने और अपने नेट जीरो लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन का नेतृत्व करने के मिशन के साथ सहज रूप से संरेखित है। अक्षय ऊर्जा को सर्वोपरि महत्व को पहचानते हुए, कंपनी ने हाल ही में शुरू की गई अपनी विविधीकरण रणनीति में औपचारिक रूप से अक्षय ऊर्जा को एक महत्वपूर्ण व्यवसाय खंड के रूप में पहचाना है। राजस्थान सरकार द्वारा संचालित राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ( आरवीयूएनएल) के साथ साझेदारी में बीकानेर जिले में 500 एम डब्ल्यू पी का ग्रीनफील्ड सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह परियोजना एक संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी, जिसमें आईजीएल की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि आरवीयूएनएल 26प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेगी।

# सर्राफा बाजार में तेजी से ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में जोरदार तेजी दर्ज की गई है। हालांकि चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज सोना 670 रुपये से लेकर 730 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इस तेजी के कारण दिल्ली समेत कई शहरों में 24 कैरेट सोना पहली बार 92 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। वहीं 22 कैरेट सोना भी 84 हजार रुपये के स्तर के ऊपर पहुंच कर कारोबार कर रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 91,920 रुपये से लेकर 92,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 84,260 रुपये से लेकर 84,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,03,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 92,070 रुपये प्रति 10



ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 84,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 91,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 84,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 91,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 84,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 91,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 84,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 91,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 84,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 92,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 84,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 91,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 84,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 92,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 84,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में उछाल आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 91,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 84,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## कामर्शियल गैस सिलेंडर 44.50 रुपये तक हुआ सस्ता, नई दरें लागू

एजेंसी
नई दिल्ली। नए वित्त वर्ष के महीने की पहली तारीख कुछ लोगों के लिए राहत लेकर आई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 44.50 रुपये तक की कटौती घोषित की है । नई दरें मंगलवार (आज से ही) लागू हो गयी हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक आज से 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 44.50 रुपये तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 41 रुपये घटकर 1762 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई। पहले ये 1803 रुपये में मिल रहा था। वहीं कोलकाता में इसका दाम 44.50 रुपये घटकर 1868.50 रुपये में मिल रहा है, जो पहले 1913 रुपये मे मिल रहा था। इसी तरह देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कॉमर्शियल गैस की कीमत 1755.50 रुपये प्रति सिलेंडर से 42 घटकर रुपये 1713.50 रुपये हो गया है। इसके अलावा चेन्नई में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1921.50 का मिल रहा है। हालांकि, तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव



नहीं किया है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि आज से यानि 1 अप्रैल से शुरू हो रहे वित्तीय वर्ष से 12 लाख रुपये तक की कमाई पर इनकम टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा आज से मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, हुंडई इंडिया और होंडा की गाड़ियों के दाम बढ़ जाएंगे।

## निसान ने एक साल में सर्वाधिक 99 हजार से ज्यादा कारों की बिक्री का आंकड़ा पार किया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने घरेलू ऑटो उद्योग के समक्ष कई चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में पहली बार एक साल के भीतर सबसे ज्यादा 99 हजार से ज्यादा कारों की बिक्री करने का आंकड़ा पार किया है। कंपनी का यह प्रदर्शन वित्त वर्ष 2017-18 से सात वर्षों में सर्वश्रेष्ठ है। इसमें नई निसान मैग्नाइट बी-एसयूवी की लोकप्रियता के चलते घरेलू बाजार में बेची गई 28 हजार से अधिक कारों और निर्यात की गई 71 हजार से ज्यादा कारों की संख्या शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 में 99 हजार से अधिक इकाइयों की समेकित बिक्री दर्ज होने पर निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट एवं एएमआईईओ रीजन बिजनेस के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट फ्रैंक टोरेस ने एक बयान में कहा कि निर्यात के मोर्चे पर कंपनी ने अपने परिचालन को 20 बाजारों से 65 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक विस्तारित किया और 71 हजार से अधिक इकाइयों की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक निर्यात बिक्री दर्ज की है, जिससे वैश्विक स्तर पर निसान के लिए बढ़ते



विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में भारत की भूमिका और मजबूत हुई। फ्रैंक टोरेस ने कहा, 'निसान मैग्नाइट की लगातार सफलता के दम पर भारत निसान के विकास का मजबूत स्तंभ बना हुआ है। इस साल नई निसान मैग्नाइट का निर्यात एलएचडी मार्केट समेत 65 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हो रहा है।' उन्?होंने कहा कि भारत में बी-एसयूवी सेगमेंट में वैकल्पिक ईंधन वाहनों के लिए बढ़ती उपभोक्ता पसंद के बावजूद यह मजबूत प्रदर्शन किया गया। टोरेस ने कहा कि अक्टूबर 2024 में पेश नई मैग्नाइट ने न केवल निसान के घरेलू पोर्टफोलियो को मजबूत किया है, बल्कि इसकी वैश्विक रणनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## इरेडा की ऋण स्वीकृतियां 2024-25 में 27 फीसदी बढ़कर 47,453 करोड़ रुपये हुई

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) की ऋण स्वीकृतियां चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 27 फीसदी बढ़कर 47,453 करोड़ रुपये हो गई है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने जारी बयान में यह जानकारी दी है। इरेडा की ओर से जारी अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष 2024-25 2024-25 के लिए ऋण स्वीकृतियां 47,453 करोड़ रुपये रही हैं, जो पिछले वित्त वर्ष के 37,354 करोड़ रुपये से 27 फीसदी अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में 25,089 करोड़ रुपये की तुलना में ऋण वितरण 20 फीसदी बढ़कर 30,168 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह बकाया ऋण पुस्तिका में भी 28 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई, जो 31 मार्च, 2025 तक 76,250 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो पिछले वित्त वर्ष के 59,698 करोड़ रुपये से अधिक है। हालांकि, यह अनंतिम आंकड़े लेखापरीक्षा के अधीन हैं। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन इरेडा के वार्षिक प्रदर्शन की घोषणा करना हमारे निवेशकों के साथ कॉर्पोरेट प्रशासन और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्?होंने कहा कि ऋण स्वीकृति, संवितरण और ऋण पुस्तिका में इरेडा की निरंतर वृद्धि अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हम अभिनव और सुलभ वित्तपोषण समाधानों के जरिए भारत के स्वच्छ




ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दास ने कहा, मैं केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के मंत्रालय सचिव, एमएनआरई के हमारे निदेशक मंडल, नियामक और एमएनआरई तथा अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं टीम इरेडा के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करता हूं, जिनकी प्रतिबद्धता हमारी सफलता का आधार है।

## अगले माह स्टॉक मार्केट में तेजी की उम्मीद, 10 साल के रिकॉर्ड के आधार पर लगाया गया अनुमान

एजेंसी
**नई दिल्ली,।** अक्टूबर 2024 से घरेलू शेयर बाजार में जारी गिरावट का दौर अब थमता हुआ आने लगा है। मार्च के आखिरी छह कारोबारी दिनों में शेयर बाजार में आई तेजी से भी बाजार में जारी गिरावट के सिलसिले पर ब्रेक लगने का संकेत मिला है। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार का पिछले 10 साल का रिकॉर्ड भी तो अप्रैल के महीने के लिहाज से पॉजिटिव संकेत देता हुआ नजर आता है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड श्रीकांत चौहान का कहना है कि पिछले 10 साल के दौरान अप्रैल के महीने में निफ्टी ने सात बार औसतन 2.4 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इन 10 सालों में 2018 और 2020 के अप्रैल में निफ्टी में 5 प्रतिशत की तेजी रही है। इसी तरह 2015, 2021 और 2022 के अप्रैल में निफ्टी को



नुकसान का सामना करना पड़ा है। अक्टूबर, 2024 से लेकर मार्च 2025 के तीसरे सप्ताह तक घरेलू शेयर बाजार लगातार दबाव का सामना करता रहा है, लेकिन इस गिरावट की वजह से हाई प्राइस्ड शेयरों का वैल्यूएशन निवेशकों के लिहाज से काफी आकर्षक हो गया है। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों की घरेलू शेयर बाजार में वापसी और भारतीय अर्थव्यवस्था के संकेतकों में आई मजबूती के कारण भी अप्रैल के महीने में घरेलू शेयर बाजार में तेजी का माहौल जारी रहने की उम्मीद बनी हुई है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि पिछले 10 साल के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स ने तो 7 बार ही निवेशकों का फायदा कराया है, लेकिन ब्रॉडर मार्केट में स्थिति और भी बेहतर रही है। निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स पिछले 10 साल के दौरान 8 बार पॉजिटिव रिटर्न देने में सफल रहा है। इन 8 सालों में इस सूचकांक में शामिल शेयरों ने औसतन 4 प्रतिशत का रिटर्न दिया। अगर ये ट्रेंड इस साल भी जारी रहा, तो लंबे समय से गिरावट की वजह से नुकसान का सामना कर रहे निवेशक एक बार फिर मुनाफे के रास्ते पर लौट सकेंगे।

## जी. किशन रेड्डी ने हैदराबाद में विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क कार्यालय का उद्घाटन किया

एजेंसी
**नई दिल्ली/हैदराबाद।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने हैदराबाद के जुबली हिल्स में विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जुबली हिल्स में आज विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को अपने स्वयं के उद्यम और स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि वे अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान कर देश को 2047 तक विकसित देश बना सकें। उन्होंने कहा कि विकाशसील भारत उद्यमी नेटवर्क जैसे संगठन युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए सभी आवश्यक प्रशिक्षण, जागरूकता और सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयासों से युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्?होंने कहा कि मैं विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क की पूरी टीम को बधाई देता हूं। इस तरह के संगठनों के माध्यम से छात्रों को शिक्षा के बाद स्टार्ट-अप और सफल व्यवसाय स्थापित करने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में योगदान करने का एक शानदार अवसर मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज भारत के नौजवान स्टार्टअप की ओर देख रहे हैं...युवाओं को उद्यमिता के प्रति प्रोत्साहित करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के आधार पर, यह उद्यमी नेटवर्क यहां बनाया गया है... मुझे विश्वास है कि इसके माध्यम से कई लोगों को स्टार्टअप करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा... !

## रेसिप्रोकल टैरिफ की चिंता से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 3,100 डॉलर के पार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के मुताबिक रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने के पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गया है। आज पहली बार सोने की कीमत 3,100 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करके 3,107.26 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गई। मार्च के महीने में अभी तक सोने की कीमत में करीब 8 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। इसी तरह 2025 में अभी तक सोना 18 प्रतिशत चढ़ चुका है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने का ऐलान करने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार के हर सेगमेंट में चिंता बढ़ गई है। इसीलिए बड़े निवेशक सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोने में निवेश करना ज्यादा पसंद



कर रहे हैं। इसी वजह से इस चमकीली धातु की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का कहना है कि इस सप्ताह ट्रंप प्रशासन टैरिफ को लेकर क्या रुख अपनाता है, उस पर ग्लोबल मार्केट की नजर टिकी रहने वाली है। अगर रिसिप्रोकल टैरिफ को लेकर कड़ाई की गई, तो सोना 3,200 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक भी पहुंच सकता है। यदि 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिसिप्रोकल टैरिफ को लेकर नरमी दिखाई, तो इंटरनेशनल मार्केट में सोने में हाई लेवल पर प्रॉफिट बुकिंग की स्थिति भी बन सकती है। जानकारों का कहना है कि रेसिप्रोकल टैरिफ की शुरुआत होने के पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है। ऐसी स्थिति में रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने से दुनिया में ट्रेड वॉर बढ़ने की आशंका बन जाएगी, जिसका प्रत्यक्ष असर सोने की कीमत में तेजी के रूप में देखा जा सकता है।

अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में इसी तरह तेजी जारी रही, तो इसका असर भारत के सर्राफा बाजार पर भी पड़ेगा, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 99 प्रतिशत से भी अधिक सोना अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदना है।

## सीतारमण 8-10 अप्रैल तक लंदन दौरे पर जाएंगी, बैठकों में एफटीए पर हो सकती है चर्चा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 10 अप्रैल तक तीन दिवसीय दौरे पर ब्रिटेन जाएंगी। सीतारमण के इस यात्रा के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही वित्त मंत्री लंदन में भारत-यूनाइटेड किंगडम आर्थिक और वित्तीय वार्ता सहित कई बैठकों में भाग लेंगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्री इस तीन दिवसीय यात्रा के दौरान ब्रिटेन की चांसलर ऑफ द एक्सचेकर रेचल रीव्स और अन्य ब्रिटिश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकती हैं। इसके अलावा सीतारमण की व्यापार समझौते और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) से संबंधित मुद्दों पर भी दोनों के बीच चर्चा हो सकती है। इससे पहले 24



फरवरी को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स ने दोनों देशों के बीच प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की थी। मंत्रालय के अनुसार भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता आठ महीने से अधिक के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रही है। दोनों देशों के बीच यह बातचीत 13 जनवरी, 2022 को शुरू की गई थी, अबतक 14 दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2022-23 में 20.36 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 21.34 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसके साथ ही ब्रिटेन भारत में छठा सबसे बड़ा निवेशक है। अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के बीच भारत को 35.3 अरब यूएस डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है।

## डालमिया भारत ने 4.95 करोड़ टन की सालाना क्षमता का लक्ष्य किया हासिल

**नई दिल्ली।** देश की चौथी सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 4.95 करोड़ मीट्रिक टन सालाना की उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि डालमिया परिवार द्वारा प्रवर्तित कंपनी डीबीएल ने बिहार में अपने रोहतास सीमेंट वर्क्स (आरसीडब्ल्यू) संयंत्र में अतिरिक्त पांच लाख टन का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के बाद यह लक्ष्य हासिल किया है। डीबीएल की भारत के पूर्वी क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति है। इसकी विनिर्माण इकाइयां- बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में स्थित हैं। कंपनी ने 2031 तक अपनी क्षमता को बढ़ाकर सालाना 11 से 13 करोड़ टन तक करने का लक्ष्य रखा है। डालमिया भारत के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी पुनीत डालमिया ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र में हमारी वृद्धि क्षेत्र की विकास क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास को दर्शाती है। इस विस्तार के साथ हम प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन करने और क्षेत्र में आर्थिक प्रगति में योगदान करने की अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं। गौरतलब है कि सीमेंट निर्माता संघ के आंकड़ों के मुताबिक भारत की कुल स्थापित सीमेंट उत्पादन क्षमता 69 करोड़ टन सालाना है।

# वित्त मंत्री 'नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच' पोर्टल 1 अप्रैल को करेंगी लॉन्च

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार, 1 अप्रैल को नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल लॉन्च करेंगी, जो वित्?त वर्ष 2022-23 तक तीन दशकों में राज्यों के सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों पर डेटा के व्यापक भंडार तक पहुंच प्रदान करेगा। नीति आयोग ने जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल की शुरुआत करेंगी। नीति आयोग ने नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के साथ मिलकर एक पोर्टल बनाया है। यह पोर्टल लगभग 30 वर्षों (अर्थात वित्?त वर्ष 1990-91 से वित्?त वर्ष 2022-23) की अवधि के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों, शोध रिपोर्टों, शोधपत्रों और राज्य वित्त पर विशेषज्ञ टिप्पणियों पर डेटा का एक व्यापक भंडार है।

**नीति आयोग के मुताबिक पोर्टल के चार मुख्य घटक हैं:-**

राज्य रिपोर्ट:- 28 भारतीय राज्यों के समग्र और राजकोषीय स्थिति का सारांश, जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों पर आधारित।

डेटा संग्रह : - पांच क्षेत्रों अर्थात जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा में वर्गीकृत संपूर्ण डेटाबेस तक सीधी पहुंच प्रदान करता है।

राज्य का राजकोषीय और आर्थिक डैशबोर्ड :- समय के साथ प्रमुख आर्थिक चरों का ग्राफिकल प्रतिनिधित्व प्रदर्शित करता है और डेटा परिशिष्ट के माध्यम से अपरिष्?कृत डेटा या सारांश तालिकाओं के माध्यम से अतिरिक्त जानकारी तक त्वरित पहुंच प्रदान करता है।

अनुसंधान एवं टिप्पणी : - राज्य वित्त तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर राजकोषीय नीति एवं वित्तीय प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यापक अनुसंधान पर आधारित है।

यह पोर्टल समग्र, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक रुझानों को समझने में सहायता करेगा। इस पर आसानी से डेटा उपलब्?ध होगा और यह उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप तथा एक ही स्थान पर समेकित क्षेत्रीय डेटा की आवश्यकता को भी पूरा करेगा। यह प्रत्येक राज्य के डेटा को अन्य राज्यों और राष्ट्रीय आंकड़ों के साथ संदर्भ में भी मदद करेगा। यह नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और अन्य लोगों को जानकारी और चर्चाओं के लिए डेटा का उल्लेख करने में रुचि रखने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। आयोग के मुताबिक यह पोर्टल एक व्यापक शोध केंद्र के रूप में काम करेगा, जो गहन शोध अध्ययनों के लिए डेटा और विश्लेषणात्मक उपकरणों का भंडार होगा। यह सूचना के केंद्रीय भंडार के रूप में कार्य करेगा, जो पिछले 30 वर्षों के सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों के व्यापक डेटाबेस तक पहुंच प्रदान करेगा। ऐतिहासिक रुझानों और वास्तविक समय के विश्लेषण का लाभ उठाकर, उपयोगकर्ता प्रगति को पता करने, उभरते पैटर्न की पहचान करने और विकास के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां तैयार करने में सक्षम होंगे।

## रवि लामिछाने ने संभाली पार्टी की कमान, सांसद पद बहाल करने की मांग

**काठमांडू।** सहकारी घोटाले में करीब तीन महीने तक न्यायिक हिरासत में रहने के बाद रिहा हुए पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने ने मंगलवार को एक बार फिर से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष पद की कमान संभाल ली है। उन्होंने स्पीकर से मुलाकात करके सांसद पर पुनर्बहाली की मांग की है। सहकारी घोटाले में गिरफ्तारी के बाद उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पांच अलग-अलग जिला अदालतों से जमानत मिलने के बाद रवि लामिछाने अपनी पार्टी के अध्यक्ष पद पर फिर से बहाल हुए हैं। अध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में रवि लामिछाने ने बताया कि वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ से षडयंत्र के तहत उन्हें फंसाया गया था। उन्होंने बताया कि तमाम षडयंत्र के बाद भी उनकी सबसे बड़ी जीत हुई है। रवि लामिछाने ने कहा कि उनकी पार्टी को तोड़ने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं और सांसदों ने उनके प्रति विश्वास दिखाते हुए सत्ता पक्ष के षडयंत्र को नाकाम कर दिया। प्रधानमंत्री की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को नहीं बुलाए जाने पर रवि लामिछाने ने बताया कि कांग्रेस और एमाले उनकी पार्टी को बेवजह बदनाम करने के लिए राजशाही का पक्षधर होने का आरोप लगा रहे हैं।

## पाकिस्तान में बलूचिस्तान के बरखान जिले में भूकंप से कांपी धरती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में भूकंप आने के कुछ घंटों बाद आज सुबह बलूचिस्तान के बरखान जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 रही और यह 12 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र बरखान से 59 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित रहा। जियो न्यूज चैनल की खबर में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इससे पहले ईद के दिन भी शाम 4 बजे के आसपास कराची के विभिन्न इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि कराची में आए भूकंप की तीव्रता 4.7 थी और इसका केंद्र शहर से 75 किलोमीटर उत्तर में स्थित था। हालांकि, किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन भूकंप के झटकों के बाद लोग घबरा गए। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 4.6 थी और भूकंप का केंद्र बलूचिस्तान के उथल से 65 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

## बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में मोदी-ओली के बीच बैंकाक में होगी मुलाकात

**काठमांडू।** थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में 4-5 अप्रैल को होने वाले बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के बीच साइडलाइन मुलाकात का समय तय हो गया है। बैंकाक में होने वाले इस शिखर सम्मेलन के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 अप्रैल को वहां पहुंच रहे हैं जबकि नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली मंगलवार को ही काठमांडू से रवाना होने वाले हैं। बिम्सटेक से जुड़े सभी सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुखों के लिए थाईलैंड के प्रधानमंत्री के तरफ से 3 अप्रैल को राजकीय भोज का आयोजन किया गया है। यहां पर सभी के बीच अनौपचारिक मुलाकात होने वाली है। थाईलैंड में नेपाल के राजदूत धन बहादुर वली ने बताया कि नेपाल के प्रधानमंत्री ओली और भारत के प्रधानमंत्री मोदी के बीच 4 अप्रैल की सुबह साइडलाइन मुलाकात तय हुई है। उन्होंने बताया कि चूंकि भारतीय प्रधानमंत्री की बैंकाक यात्रा सिर्फ 24 घंटे के लिए है इसलिए उनकी व्यस्तता के कारण अंतिम समय में मुलाकात का समय आगे पीछे हो सकता है। भारतीय प्रधानमंत्री के साथ ओली की यह दूसरी साइडलाइन मुलाकात हो रही है। इससे पहले सितंबर 2024 में अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान दोनों के बीच साइडलाइन मुलाकात हुई थी। इसके बाद अब बैंकाक में यह मुलाकात होने जा रही है। प्रधानमंत्री बनने के आठ महीने के बाद भी ओली की अब तक भारत का औपचारिक भ्रमण नहीं हो पाया है।

## चीन की सेना ने ताइवान को घेरकर संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू किया

**बीजिंग।** चीन की सेना ने मंगलवार को ताइवान के आसपास अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू किया है। इसमें सेना, नौसेना और रॉकेट बल शामिल हैं। इसे ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ सख्त चेतावनी माना जा रहा है। चीन की सेना के पूर्वी थियेटर कमांड के आधिकारिक वीचैट सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी दी गई है। चीन ने कुछ दिनों से द्वीप के खिलाफ अपना राजनीतिक और सैन्य दबाव तेज किया है। बीजिंग लंबे समय से ताइवान को अपना हिस्सा बताता आ रहा है। न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीन के शांदोंग विमान वाहक समूह ने द्वीप के प्रतिक्रिया क्षेत्र में प्रवेश किया। जवाब में सैन्य विमान और जहाज भेजे गए और भूमि-आधारित मिसाइल प्रणालियों को सक्रिय किया गया। बयान में कहा गया, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने ताइवान और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी सैन्य गतिविधियों को बढ़ा दिया है। सुखद यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय उसके साथ है।

## 'अद्भुत, बस अद्भुत' सुनीता विलियम्स ने बताया अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने विस्तारित मिशन के बाद पृथ्वी पर उतरने के कुछ दिनों बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अंतरिक्ष से भारत को देखने के अपने अनुभवों को साझा किया। अंतरिक्ष में 286 दिन बिताने के बाद जब विलियम्स से पूछा गया कि ऊपर से भारत कैसा दिखता है, तो उन्होंने गंभीर शब्दों में उत्तर दिया, अद्भुत, बिल्कुल अद्भुत। विलियम्स अक्सर अपनी भारतीय विरासत को साझा करने के लिए जानी जाती हैं। वह हिमालय के लुभावने दृश्यों से विशेष रूप से मोहित हो गईं। उन्होंने बताया कि कैसे, हर बार जब आईएसएस पर्वत श्रृंखला के ऊपर से गुजरता था, तो उनके अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर आश्चर्यजनक तस्वीरें खींचते थे। विलियम्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान



कहा,'जब भी हम हिमालय पर गए, बुच को अविश्वसनीय तस्वीरें मिलीं, यह अद्भुत है।' वह दृश्यों को देखकर भावुक हो गईं। विलियम्स ने बताया कि अंतरिक्ष से भारत का नजारा उन्हें उनकी विरासत से जुड़े रहने का अहसास कराता है। इसके अलावा, विलियम्स ने बताया कि रात के वक्त रोशनी में भारत के बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों को देखना एक अलग अनुभव की अनुभूति प्रदान करता है। उनके अनुसार, यह अनूठा दृष्टिकोण वास्तव में 'अविश्वसनीय' था। 59 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री ने नासा के आगामी एक्सिओम मिशन के बारे में भी अपना उत्साह भी व्यक्त किया, जो चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाएगा, जिनमें भारतीय वायु सेना के परीक्षण पायलट और इसरो के अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत बढ़िया है', उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि शुक्ला भारत के लिए 'होमटाउन के हीरो' हैं। विलियम्स ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में योगदान देने की इच्छा भी जताई और कहा कि वह अपने अनुभव साझा करना चाहती हैं और देश की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इसका हिस्सा बनना और उनकी मदद करना पसंद करूंगी।' भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री ने जल्द ही 'अपने पिता के देश' भारत आने की इच्छा जताई। विल्मोर के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने भारत की यात्रा पर चर्चा की। विल्मोर से बात करते हुए, दोनों ने अपने साथियों को भारत घुमाने ले जाने पर मजाक किया। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'आप थोड़े अलग दिख सकते हैं। कोई बात नहीं। हम आपको कुछ मसालेदार भोजन खिलाएंगे।'

## हिंसा व विस्थापन के साए में, खाद्य असुरक्षा पहुँची रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी

**डीआर काँगो।** वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने चिन्ता जताई है कि काँगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में हिंसक टकराव, विस्थापन और ऊँची खाद्य क़ीमतों की वजह से 2.77 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके पोषण, स्वास्थ्य व जीवन के लिए जोखिम उत्पन्न हो रहा है. यूएन की साझेदारी में विश्व भर में खाद्य सुरक्षा पर नज़र रखने वाले प्लैटफ़ॉर्म के अनुसार, डीआरसी में मौजूदा हालात दुनिया के सबसे गम्भीर खाद्य संकटों में से एक के रूप में आकार ले रहे हैं. दक्षिणी अफ़्रीका क्षेत्र के लिए विश्व खाद्य कार्यक्र के निदेशक ऐरिक पर्डीसन ने कहा कि मानवीय हालात चिन्ताजनक रफ़्तार से बिगड़ रहे हैं. जिन परिवारों के लिए अपना भरण-पोषण करना पहले ही संघर्षपूर्ण था, उन्हें अब और कटु वास्तविकता का सामना करना पड़ कर रहा है. ज़रिए किसी देश या क्षेत्र में भूख सम्बन्धी स्थिति की निगरानी की जाती है और उसे पाँच वर्गों में विभाजित किया जाता हैपहला चरण, जहाँ खाद्य सुरक्षा पर कोई दबाव ना होदूसरा चरण, जब लोगों को भोजन की तलाश में कठिनाई झेलनी पड़ रही होतीसरा चरण, यह खाद्य संकट की एक स्थिति हैचौथा चरण, आपात स्थितिपाँचवा चरण, विनाशकारी हालात या अकालडीआरसी में नवीनतम आकलन के अनुसार, 39 लाख लोग आपात स्तर की खाद्य असुरक्षा (चरण 4) का सामना कर रहे हैं, जबकि 2.38 करोड़ लोग तीसरे चरण के खाद्य संकट की चपेट में हैं.पूर्वी हिस्से में उथलपुथलखनिज सम्पदा से परिपूर्ण डीआरसी, पिछले कई दशकों से संकट में सुलग रहा है, जहाँ मानवीय सहायता अभियान के लिए धनराशि की उपलब्धता चुनौतीपूर्ण रही है।

## वर्ष 2024 में एशिया में, प्रवासियों की मृत्यु संख्या सबसे अधिक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के अन्तरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (IOM ) की रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में प्रवासियों के लिए साल 2024 सबसे अधिक घातक रहा है. इस दौरान, यहाँ के ख़तरनाक प्रवासन मार्गों पर क़रीब ढाई हज़ार लोगों की जान चली गई. यह वृद्धि प्रवासियों के लिए पनपते ख़तरे की ओर संकेत करती है. साल 2023 में यह संख्या 1,584 थी जिसकी तुलना में, वर्ष 2024 में इसमें 59 प्रतिशत वृद्धि हुई.ढ्ढह्लरू के एशिया और प्रशान्त क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक इओरी काटो ने कहा, ÷किसी को भी सुरक्षा या बेहतर भविष्य की तलाश में किसी को भी अपनी जान गँवाने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए. एशिया या कहीं और प्रवास मार्गों पर हुई हर एक मृत्यु, सुरक्षित और नियमित प्रवासन मार्गों की तत्काल ज़रूरत की ओर इशारा करती है. ÷ ये ऐसी त्रासदियाँ हैं जिन्हें रोका जा सकता है.÷रोहिंज्या और अफ़ग़ान को अधिक ख़तरा प्रवासियों की मृत्यु संख्या में वृद्धि मुख्य रूप से रोहिंज्या और अफ़ग़ान प्रवासियों से सम्बन्धित है, जिसमें म्याँमार से भाग रहे अल्पसंख्यक मुस्लिम रोहिंज्या और टकराव व अस्थिरता से बचकर भाग रहे अफ़ग़ान लोग शामिल हैं. इओरी काटो ने कहा, ÷एशिया भर में, युद्ध, अस्थिरता, टकराव और उत्पीड़न से बचकर भागने वाले लोगों की मृत्यु संख्या में वृद्धि गम्भीर चिन्ता का विषय है. साल 2024 में, कम से कम 1,517 अफ़ग़ान प्रवासियों की जान गई, जोकि 2023 की तुलना में 39 प्रतिशत अधिक है. रोहिंज्या प्रवासियों की मौतों की सँख्या दोगुनी से अधिक हो गई, जो वर्ष 2023 में 436 से बढ़कर 2024 में 889 तक पहुँच गई .IOM ने कहा, प्रवासियों को संघर्ष-सम्बन्धी हिंसा के अलावा, प्रवासन रास्ते में ख़तरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें असुरक्षित नावें, तस्करों द्वारा किया जाने वाला दुर्व्यवहार और ख़राब मौसम जैसी स्थितियाँ शामिल हैं. NICEF/Patrick Brown लापता प्रवासियों का संकटप्रवासियों की पहचान नहीं हो पाना भी चिन्ता का विषय रहा है. साल 2024 में एक हज़ार से अधिक मृत लोगों की पहचान नहीं हो पाई.इओरो काटो ने कहा, लापता प्रवासियों के बारे में आधिकारिक जानकारी का कम होना, यह बताता है कि हमारे पास एशिया में प्रवास के दौरान हुई मौतों की संख्या की सही जानकारी उपलब्ध नहीं है.'उन्होंने कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड में भी, पहचान की बहुत कम जानकारी है. इसकी वजह से, अपने लापता लोगों को तलाश कर रहे परिवारों पर गहरा असर पड़ता है।

## काला सागर वार्ता का स्वागत, यूक्रेन में मानवीय संकट बदतर होने की चेतावनी भी

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र ।**संयुक्त राष्ट्र ने रूस, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हाल ही में सऊदी अरब में हुई कूटनैतिक वार्ता का स्वागत किया है, तथा काला सागर में नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षा पर हुए समझौते को, वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण क़दम बताया है. यूएन प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजैरिक ने बुधवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के कार्यालय, यूक्रेन में स्थाई शान्ति की दिशा में सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध हैं.स्तेफ़ान दुजैरिक ने कहा, सिविल जहाज़ों और बन्दरगाह के बुनियादी ढाँचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, काला सागर में नौवहन की स्वतंत्रता पर समझौता होना, वैश्विक खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा. इस समझौते में, यूक्रेन और रूसी संघ दोनों से, वैश्विक बाज़ारों तक व्यापार मार्गों का महत्व झलकता है.÷उन्होंने कहा, महासचिव अपनी



आशा दोहराते हैं कि ऐसे प्रयास एक स्थाई युद्धविराम का मार्ग प्रशस्त करेंगे. साथ ही यूक्रेन में संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अन्तरराष्ट्रीय क़ानून और संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुरूप तथा यूक्रेन की स्वतंत्रता, सम्प्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के पूर्ण सम्मान के साथ, न्यायपूर्ण, व्यापक और स्थाई शान्ति प्राप्ति में योगदान देंगे. बदतर होता मानवीय संकटइस बीच, संयुक्त राष्ट्र की एक शीर्ष राहत समन्वय अधिकारी जॉयस मसूया ने सुरक्षा परिषद को सम्बोधित करते हुए आगाह किया है कि यूक्रेन में मानवीय संकट लगातार बिगड़ता जा रहा है, जहाँ लगभग एक करोड़ 30 लाख लोगों को सहायता की आवश्यकता है - लेकिन धन कम होता जा रहा है.संयुक्त राष्ट्र की उप आपातकालीन राहत समन्वयक जॉयस मसूया ने राजदूतों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हाल ही में धन में कटौती के कारण, महत्वपूर्ण सहायता कार्यक्रम जोखिम में हैं.उन्होंने कहा कि धन की इस कमी के पहले से ही गम्भीर परिणाम हो रहे हैं, विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के लिए.साथ ही, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को डर है कि कम से कम 6 लाख 40 हज़ार लोग लिंग आधारित हिंसा के ख़िलाफ़ सुरक्षा, मनोवैज्ञानिक सहायता और सुरक्षित स्थानों के तक पहुँच से वंचित हो जाएंगे।

## राजनीतिक दलों में टकराव जारी, बीएनपी और जमात के बीच झड़प, कई घायल

एजेंसी

**ढाका ।** बांग्लादेश में दो प्रमुख राजनीतिक दलों - बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के बीच हिंसक झड़प हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए। संघर्ष के दौरान कुल चार दुकानों में तोड़फोड़ की गई, पांच मोटरसाइकिलों और एक वैन को आग लगा दी गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राजशाही के बाघा उपजिला के बाउसा यूनियन में यह संघर्ष हुआ। इसका कारण कमजोर समूह विकास (वीजीडी) कार्ड वितरित करने में कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा था। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हिंसा तब शुरू हुई जब बीएनपी की स्टूडेंट विंग, 'छात्र दल' के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर जमात की छात्र शाखा, 'इस्लामी छात्र शिबिर' पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में शिबिर कार्यकर्ताओं ने बाद में बीएनपी कार्यकर्ताओं पर हमला किया। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट



के अनुसार, इन घटनाओं के बाद बीएनपी समर्थकों ने कथित तौर पर दुकानों में तोड़फोड़ की और जमात समर्थकों के वाहनों को आग लगा दी। बीएनपी और जमात दोनों ने ही झड़प की शुरुआत के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया। बाघा उपजिला क्षेत्र के बसुआ यूनियन में वीजीडी कार्ड के कथित दुरुपयोग को लेकर पहले हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच यह झड़प हुई। हाल ही में पुलिस की मध्यस्थता से दोनों दलों के बीच हुए समझौते के बाद, जमात ने दावा किया कि बीएनपी समर्थकों ने उनके सदस्यों को निशाना बनाया, जिसमें 30 मार्च को एक छात्र नेता की हत्या का प्रयास भी शामिल है। इसके अलावा, जमात ने अपने कार्यकर्ताओं के घरों और व्यवसायों पर हमलों की रिपोर्ट की। उन्होंने न्याय की मांग की और अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने अपील की। हालांकि, बीएनपी नेता रेजाउल ने जमात के आरोपों का खंडन करते हुए दावा किया कि उनके छात्र दल के नेता राजीब अहमद इफ्तार के बाद चाय पी रहे थे, तभी शिबिर कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उन पर अकारण हमला कर दिया। उन्होंने कहा, राजीब का फिलहाल राजशाही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।

## म्यांमार में आए घातक भूकंप के कारण एक सप्ताह का राष्ट्रीय शोक घोषित

एजेंसी

**मांडले।** म्यांमार के राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने 28 मार्च को देश में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद एक सप्ताह के शोक की घोषणा की। भूकंप से हुई क्षति और जानमाल के नुकसान के प्रति सहानुभूति जताते हुए 31 मार्च से 6 अप्रैल तक की अवधि को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। म्यांमार के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने बताया कि सोमवार सुबह तक 2.8 से 7.5 तीव्रता के 36 झटके महसूस किए गए हैं। यांमार के मांडले क्षेत्र में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कई देशों में भारी जनहानि और क्षति हुई। भूकंप का केंद्र मांडले से केवल 20 किमी दूर था, जो देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और इसकी आबादी 1.5 मिलियन है। प्रतिक्रिया में, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति ने सागाइंग क्षेत्र, मांडले क्षेत्र, मैगवे क्षेत्र, शान राज्य के उत्तर पूर्वी भाग, ने पी ताव की राजधानी और बागो क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। बचाव अभियान अभी भी जारी है, जबकि प्रभावित आबादी की गंभीर जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय राहत प्रयासों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। दक्षिण में मांडले और यांगून को जोड़ने वाली कई प्रमुख सड़कें क्षतिग्रस्त या अवरुद्ध हो गईं, जबकि मांडले और ने पी ताव में एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। वहीं, सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में मांडले क्षेत्र में इमारतों, मंदिरों और कई ऐतिहासिक स्थलों को काफी संरचनात्मक क्षति दिखाई गई।


गोल्डन मटका

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 158 / 770 | 40 / 04 | 5 | 230 / 889 | 52 / 25 | 8 | 279 / 558 | 80 / 08 |
| मंगल | 1 | 245 / 344 | 16 / 61 | 6 | 268 / 466 | 62 / 26 | 7 | 250 / 449 | 72 / 27 |
| बुध | 5 | 140 / 156 | 53 / 35 | 8 | 350 / 558 | 53 / 35 | 9 | 568 / 900 | 92 / 29 |
| गुरू | 2 | 246 / 778 | 20 / 02 | 7 | 124 / 700 | 78 / 87 | 0 | 569 / 550 | 06 / 60 |
| शुक्र | 3 | 346 / 580 | 36 / 63 | 8 | 378 / 666 | 85 / 58 | 9 | 126 / 388 | 91 / 19 |
| शनि | 1 | 489 / 227 | 12 / 21 | 6 | 178 / 600 | 64 / 46 | 8 | 567 / 233 | 87 / 78 |




WEBSITE :- GoldenResult.in / DPGOLDEN.IN

Open 10.00 गुड मॉर्निंग का शुद्ध रिकोर्ड Close 11.00

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24-02 2025 | 122-56-268 | 226-08-990 | 590-46-150 | 448-69-117 | 239-40-370 | 444-29-577 |
| 03-03 2025 | 669-19-225 | 130-48-459 | 246-23-689 | 349-68-558 | 560-19-234 | 348-51-146 |
| 10-03 2025 | 240-61-579 | 555-55-366 | 457-65-348 | 449-74-680 | | |
| 17-03 2025 | 390-27-458 | 246-21-579 | 270-90-677 | 170-89-289 | 348-52-129 | 169-69-333 |
| 24-03 2025 | 459-84-257 | 188-74-455 | 340-72-147 | 222-64-356 | 146-13-670 | 470-15-168 |
| 31-03 2025 | 350-85-168 | 355-39-469 | | | | |
| 07-04 2025 | | | | | | |

Open 12.00 बॉम्बे एक्सप्रेस का शुद्ध रिकोर्ड Close 13.00

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24-02 2025 | 770-49-234 | 558-87-999 | 700-73-139 | 334-04-248 | 788-39-144 | 349-67-449 |
| 03-03 2025 | 269-78-170 | 478-98-260 | 222-62-110 | 677-06-457 | 550-03-148 | 778-27-566 |
| 10-03 2025 | 449-76-367 | 788-33-490 | 345-21-777 | 225-98-459 | | |
| 17-03 2025 | 246-23-445 | 889-53-120 | 456-53-689 | 277-66-448 | 579-12-679 | 360-99-126 |
| 24-03 2025 | 480-27-458 | 290-10-389 | 124-75-159 | 278-70-488 | 340-79-289 | 123-64-356 |
| 31-03 2025 | 678-10-990 | 159-54-770 | | | | |
| 07-04 2025 | | | | | | |

Open 14.00 गोल्डन डे का शुद्ध रिकोर्ड Close 15.00

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24-02 2025 | 679-24-257 | 118-06-358 | 567-88-279 | 257-40-145 | 899-65-889 | 367-64-158 |
| 03-03 2025 | 124-78-800 | 160-79-289 | 256-33-229 | 156-25-690 | 678-12-156 | 400-40-668 |
| 10-03 2025 | 448-69-289 | 588-14-130 | 114-63-346 | 128-14-590 | | |
| 17-03 2025 | 468-83-157 | 280-08-459 | 278-77-160 | 223-79-388 | 148-39-559 | 788-35-366 |
| 24-03 2025 | 147-27-890 | 136-00-370 | 468-85-249 | 222-69-135 | 677-06-457 | 140-57-557 |
| 31-03 2025 | 156-26-790 | 550-06-448 | | | | |
| 07-04 2025 | | | | | | |

Open 19.30 गोल्डस्टार का शुद्ध रिकोर्ड Close 20.30

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24-02 2025 | 667-90-370 | 559-96-178 | 448-60-299 | 160-76-259 | 478-97-179 | 190-08-468 |
| 03-03 2025 | 256-33-120 | 149-48-233 | 579-15-267 | 227-15-456 | 550-02-336 | 570-24-257 |
| 10-03 2025 | 335-33-457 | 770-48-112 | 289-94-356 | 270-90-118 | | |
| 17-03 2025 | 260-85-555 | 114-62-688 | 477-85-140 | 346-37-449 | 367-61-245 | 900-91-669 |
| 24-03 2025 | 550-01-588 | 449-76-349 | 577-97-890 | 679-24-149 | 667-90-370 | 459-82-480 |
| 31-03 2025 | 579-18-666 | 660-29-126 | | | | |
| 07-04 2025 | | | | | | |



देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड, address- 14 no V ki sikar Road